www.epaper.azadsipahi.in

17 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 90




# केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की मंजूरी दी

- 2026 से लागू होगा, एक करोड़ से ज्यादा सरकारी कर्मियों को होगा लाभ
- कैबिनेट ने श्रीहरिकोटा में तीसरा सैटेलाइट लांच पैड बनाने की भी मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा कि सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के रॉकेट लांचिंग सेंटर में तीसरा लांच पैड बनेगा। यह 3985 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लांच व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लांच हुए हैं।




## क्या करेगा 8वां वेतन आयोग?

8वां वेतन आयोग कर्मचारियों के वेतन ढांचे की समीक्षा करेगा। इसमें महंगाई, आर्थिक स्थिति और कर्मचारी कल्याण जैसे पहलुओं पर विचार किया जायेगा। यह आयोग सरकारी कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर 10 साल में गठित किया जाता है। पिछले आयोगों ने वेतनमान, भत्ते और पेंशन को समय के साथ बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार समायोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

गौरतलब है कि 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 1947 से अब तक सात वेतन आयोग गठित किये जा चुके हैं। आखिरी आयोग 2016 में लागू हुआ था। चूंकि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है, इसलिए 2025 में प्रक्रिया शुरू करने से सिफारिशें प्राप्त करने और उनकी समीक्षा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जायेगा।

## कितनी बढ़ जायेगी सैलरी?

इस घोषणा से कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों में आशा की किरण जगी है। कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि 8वां वेतन आयोग फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ा कर 2.86 करने का प्रस्ताव रख सकता है। इससे न्यूनतम मूल वेतन 51,480 रुपये हो जाने की संभावना है। इस तरह के कदम से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। 2014 में गठित और 2016 में लागू 7वें वेतन आयोग ने कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गये। इसने वेतन बैंड को सरल वेतन मैट्रिक्स से बदल दिया। न्यूनतम मासिक वेतन 18,000 रुपये कर दिया गया। शीर्ष सरकारी अधिकारियों के लिए अधिकतम मासिक वेतन 2.5 लाख रुपये तय हुआ। इसने फिटमेंट फैक्टर को भी 2.57 तक बढ़ा दिया, जिससे मूल वेतन में अच्छी बढ़ोतरी हुई।

# म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लायें : दीपक बिरुआ

भू-राजस्व मंत्री ने राजस्व संग्रहण पर वर्चुअल बैठक में दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाये। इसलिए म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट (सेवा का अधिकार अधिनियम) के दायरे में लायें। अधिकारी ऐसे कार्यों को ससमय पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा मिल सके और सरकार के राजस्व संग्रहण में वृद्धि हो सके। दीपक बिरुआ गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने कार्यालय में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पांचों प्रमंडलीय आयुक्त, विभागीय प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

**बार कोड की सुविधा होगी बहाल:** दीपक बिरुआ ने कहा कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए भी लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्यवाही करेगा।



## बकाया वसूली का दिया निर्देश

बैठक में चाइबासा आयुक्त नेजमशेदपुर जिले की कंपनियों से दो हजार करोड़ रुपये की बकाया वसूली करने का प्रस्ताव सामने लाया। इस पर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां से राजस्व वसूली होने पर राज्य के राजस्व में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इस पर काम करने की जरूरत है।

## सरकारी जमीन की जमाबंदी की सूची तैयार करें

दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं इसकी सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि हरमू नदी किनारे भी अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इस पर विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में लंबित म्यूटेशन की कठिनाइयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सरल बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किये जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों द्वारा उसके अविलंब निष्पादन किये जाने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में दिशानिर्देश दिया गया।

## न्यूज रील्स

### लैंड फॉर जॉब केस में अब 30 जनवरी को सुनवाई

पटना। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई टल गयी है। अब इस मामले में 30 जनवरी को सुनवायी होगी। कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति नहीं दी। इससे पहले भी 23 दिसंबर को केस चलाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण सुनवाई टल गयी थी। इस केस में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं। लैंड फॉर जॉब्स मामले में 20 जनवरी 2024 को इडी की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी से 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। इडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद से 50 से ज्यादा सवाल किये गये थे। उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिये थे। पूछताछ के दौरान कई बार लालू झल्ला भी गये थे। वहीं, तेजस्वी से 30 जनवरी को लगभग 10-11 घंटे तक पूछताछ चली थी।

### कोयला घोटाला की सुनवाई से हटे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विश्वनाथन

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस केवी विश्वनाथन ने गुरुवार को कोयला घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि वे इसी केस से जुड़े एक मामले में वकील के तौर पर पेश हुए थे, इसलिए वे अपना नाम वापस ले रहे हैं। सीजेआइ संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच इस केस की सुनवाई करने वाली थी। जस्टिस विश्वनाथन के हटने के बाद सीजेआइ खन्ना 10 फरवरी को कोयला घोटाले से जुड़ी यचिकाओं की सुनवाई के लिए तीन जजों की नयी बेंच बनायेंगे।

हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया आदेश

# चार महीने में शुरू करें नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया

अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई, मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव हुए पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अगले चार महीनों में नगर निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड हाइकोर्ट ने इसे लेकर राज्य सरकार को आदेश दिया है। रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो और अन्य की अवमानना याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और नगर विकास सचिव सुनील कुमार सशरीर उपस्थित रहे।

सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने नगर निकाय के चुनाव की तारीखें तीन हफ्ते के भीतर घोषित करने के 4 जनवरी, 2024 को दिये गये अपने आदेश का अनुपालन न होने पर सवाल उठाया। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिया जाना है। आरक्षण का प्रतिशत तय करने के लिए जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है। कुछ जिलों में यह प्रक्रिया चल रही है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अब तक नहीं मिल पायी है। इन वजहों से चुनाव में देर हो रही है। दूसरी तरफ, याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि ट्रिपल टेस्ट कराये बिना भी निकाय चुनाव हो सकता है। इस तरह के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट का भी आदेश आ चुका है, जिसके अनुसार आरक्षण प्रतिशत तय करने के नाम पर चुनाव नहीं टाले जा सकते हैं। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार की मंशा चुनाव कराने की नहीं है। ऐसे में सरकार पर अवमानना का मामला चलाया जाना चाहिए।

# केंद्र ने झारखंड से मांगे 13299 करोड़ रुपये

केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति का बकाया भत्ता देने को कहा

अजय शर्मा


**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये नहीं दे रही है। झारखंड सरकार केंद्र से लगातार इस संबंध में प्रत्राचार भी कर रही है। वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने बकाया के संबंध में किस-किस मद में कितनी राशि झारखंड का बकाया है, इस पर विस्तृत रिपोर्ट केंद्र को भेजी थी। इसका कोई जवाब भारत सरकार से नहीं आया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस संबंध में हर मंच पर अपनी बात रखी। अब केंद्र ने झारखंड से 13299 करोड़ रुपये की मांग कर दी है। केंद्र का कहना है कि पिछले कई वर्षों से झारखंड सरकार केंद्रीय सुरक्षा बलों के प्रतिनियुक्ति भत्ता का भुगतान नहीं कर रही है। इस संबंध में बार-बार प्रत्राचार भी किया गया है। केंद्र के पत्र के बाद राज्य सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में 21 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी है। गृह सचिव वंदना दादेल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सीआरपीएफ के आइजी और झारखंड पुलिस में अभियान के आइजी भी शामिल होंगे। इस बैठक में बीच का कोई रास्ता निकालने की कोशिश की जायेगी। उधर, केंद्र से इस संबंध में पत्र मिलने के बाद सरकारी महकमें में एक बार फिर हरकत शुरू हो गयी है। जानकारों का कहना है कि राज्य सरकार अगर चाहे तो यह दलील दे सकती है कि पहले केंद्र सरकार राज्य को पैसा दे, फिर राज्य सरकार भी भुगतान कर देगी। या फिर केंद्र सरकार अपना बकाया काट कर शेष राशि राज्य सरकार को दे।

# पद्म भूषण कड़िया मुंडा को एयर एंबुलेंस से भेजा गया दिल्ली एम्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिका में इलाजरत भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए गुरुवार को एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भेजा गया। मेडिका में करीब 10 दिनों से भर्ती कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य में धीमी सुधार को देखते हुए उन्हें दिल्ली एम्स भेजने का निर्णय लिया गया। झारखंड भाजपा ने कड़िया मुंडा के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करते हुए दोपहर में उन्हें रवाना किया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उड़ांव ने पार्टी की ओर से समुचित व्यवस्था करते हुए उन्हें रांची एयरपोर्ट तक लाया और दिल्ली के लिए एयर एंबुलेंस से रवाना किया।






# सैफ अली खान पर घर में घुस कर हमला

- रीढ़ की हड्डी में फंसा था चाकू का टुकड़ा
- हाथ-कंधे की भी सर्जरी हुई
- संदिग्ध की तस्वीर सामने आयी

आजाद सिपाही संवाददाता





**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुस कर बुधवार देर रात एक हमलावर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सैफ को इलाज के लिए लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत छह जगह चाकू लगा था। उनकी हाथ-कंधे की भी सर्जरी की गयी है। फिलहाल हालत स्थिर है। इस बीच सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आयी है। वह रात ढाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा। एक्टर पर उनके घर में घुस कर चाकू से हमला किया था। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई।

**पुलिस और क्राइम ब्रांच की 18 टीमें जांच कर रहीं:** बांद्रा पुलिस स्टेशन ने हमलावरों की तलाश के लिए 10 टीमें बनायी हैं। वहीं क्राइम ब्रांच ने भी केस के इंवेस्टिगेशन के लिए आठ टीमें गठित कर दी हैं। क्राइम ब्रांच जांच के लिए सैफ के घर भी पहुंची। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक भी टीम का हिस्सा हैं। मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गयी है। वह चोरी के इरादे से घर में घुसा था। हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। जानकारी के मुताबिक हमलावर सीसीटीवी फुटेज में दिखायी दिया है। उसे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर देखा गया था। पुलिस ने जबरन घर में घुसने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से तीन लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। इनमें हमले में घायल हुई हाउसकीपर भी शामिल है। शुरुआती जांच में पता चला कि घर के अंदर मौजूद किसी शख्स ने ही हमलावर को एंट्री दी। घर में कोई जबरदस्ती नहीं घुसा।

## रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा

लीलावती अस्पताल के डॉ नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बायें हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गयी है। अब उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 74,600 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# राहुल गांधी की जुबान हैक, निकल रहे जॉर्ज सोरोस के बोल

## ■ मोहब्बत की दुकान पर बेच रहे हैं देश विरोधी सामान
## ■ भारत विरोधी बयान देकर पूरी कांग्रेस को फंसा दिया पार्टी के युवराज ने
## ■ भले सपोर्ट में हैं कोंग्रेसी, लेकिन अंदर-अंदर कह रहे होंगे, फिर मुंह खोला युवराज ने
## ■ जब भी जनता कांग्रेस को गंभीरता से लेने पर विचार करती है, राहुल कांटा बो देते हैं
## ■ अब कांग्रेसियों को ही विचार करना होगा कि देश को आगे रखना है, या राहुल गांधी के बयान को

**जैसे ही बुधवार को कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के नये ऑफिस के उद्घाटन के मौके पर कहा कि हमारी लड़ाई बीजेपी-आरएसएस के साथ इंडियन स्टेट के साथ भी है, तभी से देश में राहुल के इस बयान को लेकर प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। लोगों का कहना है कि ठीक है राहुल मोदी को बुरा भला बोल सकते हैं, आरएसएस को भी बोल सकते हैं, लेकिन देश के बारे में ऐसी सोच रखना कहीं से भी उचित नहीं है। चुनावों से एन पहले मोहब्बत की दुकान सजायी जाती है, लेकिन उसमें ऐसे नफरती सामान मिलने लगे तो लोग क्या करें। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने यह कह कर कि वह देश के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं, आखिर किस मानसिकता का परिचय दिया है। देश के खिलाफ कौन युद्ध लड़ता है, क्या राहुल गांधी को यह पता नहीं है। वास्तव में राहुल गांधी का देश को लेकर हालिया बयान इस आरोप की पुष्टि करता है कि कांग्रेस के युवराज न तो गंभीर राजनीति के लायक हैं और न ही उन्हें अपनी बात कहने का शउर है। यह पहली बार नहीं है कि राहुल गांधी ने विवादित बयान देकर कांग्रेस के लिए मुसीबत खड़ी की है, लेकिन यह पहली बार जरूर है कि उन्होंने देश के खिलाफ युद्ध का खुला एलान किया है, जैसा कि नक्सली और अलगाववादी करते हैं। राहुल गांधी के इस बयान के बाद स्वाभाविक रूप से सियासत तेज हो गयी है। भाजपा उन पर हमलावर है, जबकि कांग्रेस को रक्षात्मक मुद्रा अपनाने का भी अवसर नहीं मिल रहा है। कांग्रेस के नेता जानते हैं कि राहुल गांधी की बातों ने पूरे देश की भावनाओं को ठेस पहुंचायी है। अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि यदि राहुल गांधी देश के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं, तो उन्हें लोकसभा में क्यों रहने दिया जाये। देश की राजनीति में लगातार नकारे जा रहे राहुल गांधी आज एक जिम्मेवार पद पर हैं और उन्हें इस तरह की बात करने से पहले सोचना चाहिए कि उनकी बातों का क्या असर हो सकता है। बीजेपी ने इस बयान पर राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि ये सब अरबपति जॉर्ज सोरोस के एजेंडे का हिस्सा है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी और उनके नेटवर्क पर अर्बन नक्सलियों और डीप स्टेट से संबंध होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इनका मकसद भारत की छवि खराब करना है। नड्डा ने यह भी कहा कि मैं राहुल गांधी की यह स्पष्ट रूप से कहने के लिए प्रशंसा करता हूं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। यह कोई सीक्रेट नहीं है कि राहुल गांधी और उनके इकोसिस्टम के अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को बदनाम करना, अपमानित करना और बदनाम करना चाहते हैं। राहुल गांधी का भारत विरोधी बयान वास्तव में उनके उस नजरिये का परिचायक है, जिसमें वह खुद को तमाम कानूनों से ऊपर मानते हैं। क्या है राहुल गांधी के बयान का सियासी मतलब, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

### आखिर किससे लड़ने की बात कर रहे हैं राहुल गांधी

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति में लगातार नकारे जा रहे कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी एक बार फिर विवादों में घिर गये हैं। यह कोई मामूली विवाद नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे भारत विरोधी और अलगाववाद का समर्थक है। राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी के नये मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर अपने भाषण में कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ बीजेपी और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। ऐसा कहते हुए वह यह भूल गये कि इंडियन स्टेट में सिर्फ केंद्र सरकार या भाजपा शासित राज्य नहीं, बल्कि पूरा देश है, राष्ट्रपति जिसका अधिपति होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 में इसकी परिभाषा और व्याख्या की गयी है। इंडियन स्टेट में एक संसद है, जिसमें आठ सौ के करीब सांसद हैं। राज्यों की विधानसभाएं और विधान परिषद हैं, जिनमें करीब सात हजार सदस्य हैं। स्थानीय निकाय हैं, जिनमें करीब 60 हजार सदस्य हैं। ग्राम पंचायत हैं, जिनमें करीब सवा तीन लाख सदस्य हैं। सुप्रीम कोर्ट है, जिसमें 30 जज हैं। देश भर में 24 हाइकोर्ट हैं, जिनमें तीन सौ के करीब न्यायाधीश हैं। चार दर्जन के करीब आयोग और संवैधानिक संस्थाएं हैं, दुनिया की दूसरी सबसे ताकतवर सेना है। इंडियन स्टेट केवल एक समूह नहीं, एक संप्रभु समाज है, जिसकी नियति कोई राहुल गांधी नहीं तय कर सकता।

राहुल गांधी का यह बयान जितना निंदनीय है, उससे कहीं अधिक खतरनाक है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति यदि देश के खिलाफ युद्ध का एलान करता है, तो इसे गंभीरता से लेना ही होगा। कानूनी तौर पर और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इंडियन स्टेट का प्रयोग किया जाता है। लेकिन राहुल गांधी ने उस देश का अपमान किया है, जिसने उन्हें सब कुछ दिया है। राहुल गांधी ने यह बयान देकर न केवल अपनी असली मानसिकता का परिचय दिया है, बल्कि उन्होंने यह भी बता दिया है कि उनकी मंशा क्या है। उन्हें यह समझना चाहिए कि वह कांग्रेस नेता होने के साथ देश की संसद के निर्वाचित सदस्य भी हैं और लोग उन्हें देखते-सुनते हैं। ऐसे में उन्हें शब्दों का चयन सोच-समझ कर करने की सलाह कोई भी नागरिक दे सकता है।

राहुल गांधी के बयान को अगर दूसरे नजरिये से देखा जाये और ऐसा बयान कोई अलगाववादी संगठन देता, तब तो अलग मायने ही निकलता। तब यह कहा जाता कि अमुक संगठन देश के खिलाफ खुली लड़ाई का एलान कर रहा है। राहुल गांधी ने यह बयान देकर उन माओवादियों-अलगाववादियों का समर्थन कर दिया है, जिन्हें भारतीय संविधान में भरोसा नहीं है।



### हर मुद्दे पर घिरते रहे हैं राहुल गांधी

राजनीति में आने के बाद से राहुल गांधी हर मुद्दे पर घिरते रहे हैं। चाहे जातिगत जनगणना हो, देश के संसाधनों के बराबर बंटवारे का मुद्दा हो या आरक्षण बढ़ाने की बात हो, राहुल गांधी हर बार मुंह की खाते हैं। वह हाथ में संविधान लेकर दिखाते जरूर हैं, लेकिन उसी संविधान में जिस भारत की बात है, उसके खिलाफ युद्ध की बात करते हैं।

### आखिर कब सीखेंगे राहुल गांधी

राहुल गांधी के बयान की चौतरफा भर्त्सना हो रही है। लोग अब उनकी मानसिकता पर सवाल उठाने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने पहली बार ऐसा बयान दिया है। विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने पिछले सात-आठ महीने में कई ऐसे बयान दिये हैं, जो विवादों में रहे। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रहा लोकसभा चुनावों में धांधली का उनका आरोप। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के दौरान यह बयान दिया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जब भी राहुल गांधी को गंभीरता से लेने की बात आती है, वह ऐसे बयान दे देते हैं, जो उनकी छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। राहुल गांधी ने इस बार तो सारी हदें पार कर दीं और सीधे-सीधे देश के खिलाफ युद्ध लड़ने की बात कह गये।

राहुल गांधी के इस बयान के बाद सवाल उठता है कि आखिर कांग्रेस पार्टी अपने युवराज को बोलना कब सिखायेगी। ऐसा क्या होता है कि वह रह-रह कर इस तरह के बयान देने लगते हैं। इससे पहले भी राहुल गांधी ने अपनी एक विदेश यात्रा के दौरान कहा था कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है।

भारत विरोधी बयान देते समय राहुल गांधी शायद यह भूल गये कि वह जो कुछ कह रहे हैं, उसका अधिकार उन्हें उसी देश के संविधान ने दिया है, जिसकी सर्वोच्च पंचायत के वह सदस्य हैं। उनके संबोधन से कहीं नहीं लगता कि वह भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को समझते हैं, बल्कि उनके संबोधन से नफरत की ही बू आती है। आज जहां भारत सनातन संस्कृति के गौरव को फिर से प्रतिष्ठित कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती दे रहा है, वहीं राहुल गांधी भारत के खिलाफ युद्ध का एलान करते हैं। यह कितनी हास्यास्पद बात है और अपरिपक्व भी।

राहुल गांधी के बयान के बाद से कांग्रेसी भी भौंचक्के हैं। उन्हें पता चल गया है कि राहुल गांधी की लोकप्रियता इस बयान के बाद खत्म हो गयी है। इसका नुकसान कांग्रेस को उठाना होगा। इसलिए कांग्रेसी ही नहीं, पूरा देश राहुल गांधी की इस अपरिपक्वता पर अचरज ही व्यक्त नहीं कर रहा है, बल्कि शर्म भी महसूस कर रहा है कि उसने कैसे इस घटिया मानसिकता वाले व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष की बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी सौंप दी है।

### राहुल गांधी का बयान देश के खिलाफ जंग का एलान: जयराम ठाकुर

हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश के खिलाफ जंग का एलान है। किसी नेता से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते राहुल गांधी अब देश के विरोध पर उतर आये हैं। यह शर्मनाक बात है। इंडियन स्टेट से लड़ाई की बातें हमेशा एंटी नेशनल एलिमेंट्स के द्वारा ही की जाती रही हैं और आज देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सर्वेसर्वा भी वही बात कर रहे हैं। राहुल गांधी भारत के संविधान की शपथ लेते हैं और साथ ही कहते हैं कि वी आर फाइटिंग द इंडियन स्टेट इटसेल्फ'। क्या विपक्ष के नेता से इस तरह के बयान की उम्मीद की जा सकती है? उन्हे पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब पूरा देश सेना दिवस मना रहा था। देश की सेना के बलिदान शौर्य साहस का गुणगान और नमन कर रहा था। उस समय देश के नेता प्रतिपक्ष इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई का इरादा जता रहे थे। इंडियन स्टेट का मतलब भारत का सब कुछ। जो कुछ भी भारत के हित के लिए है, भले के लिए है, भारत के लोगों की लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है, भारत की संप्रभुता, सुरक्षा, संरक्षा के लिए काम कर रहा है, सब कुछ इंडियन स्टेट है और राहुल गांधी उसी के खिलाफ लड़ने की बात कर रहे हैं। आखिर कांग्रेस देश के खिलाफ इस तरह का मंसूबा क्यों रखती है? जयराम ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस का असली चेहरा और इरादा सामने आ गया है। जिस समय राहुल गांधी द्वारा इतनी आपत्तिजनक बातें की जा रही थीं उस समय हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री वहीं मौजूद थे और उन्होंने उनकी इस बात का प्रतिकार नहीं किया। यह प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि क्या हिमाचल प्रदेश सरकार के मुखिया और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी की बात से सहमत हैं या नहीं? अगर हिमाचल के नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत हैं तो वह खुल कर सामने आयें और अगर असहमत हैं तो अपने नेता का विरोध करें।

# बिहार के जमुई से हुई कारू यादव की गिरफ्तारी, तीन अन्य अभियुक्त भी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद, महुदा ।** कोयला, लोहा चोरी और क्षेत्रीय आतंक फैलाने के लिए कुख्यात कारू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि पुलिस ने कारू यादव को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया और गुरुवार की दोपहर मधुबन थाना लाया। मधुबन पुलिस ने कारू यादव को उसके खरखरी तालाब स्थित मॉल-काम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर में ले गयी, जहां पुलिस ने एक कमरे का ताला तोड़ कर उसके साथ साक्ष्य जुटाये। वहीं से आरोपी को हथकड़ी लगा कर पैदल थाना लाया गया।

बता दें कि धर्माबांध ओपी तथा मधुबन थाना अंतर्गत घटित गोलीबारी, बमबारी, आगजनी एवं पत्थरबाजी की घटना के संदर्भ में मधुबन थाना कांड संख्या 01/25,02/25 एवं 03/25 दर्ज किया गया था। दर्ज किये गये इस कांडों में संलिप्त विभिन्न अभियुक्तों एवं प्रयोग की गयी अवैध हथियार की बरामदगी हेतु विशेष टीम गठित की गयी थी। इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल की सघन छापेमारी के दौरान कारू समेत चार अभियुक्त की गिरफ्तारी अलग-अलग स्थानों से की गयी। पूछताछ के दौरान उन्होंने उपरोक्त कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसी कड़ी में प्रमुख गिरफ्तारी कारू यादव उर्फ देवेंद्र यादव, आशाकोठी जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी एवं उनके तथा उसके सहयोगी की निशानदेही पर एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल एवं एक देसी कट्टा और तीन जिंदा गोली, चार मोबाइल तथा 7,85,900 नगद रुपये बरामद किया गया। अवैध हथियार बरामदगी के आधार पर अलग से मधुबन थाना कांड संख्या 11/25 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है। इसके साथ ही पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह को पत्थर मार कर जख्मी करने वाले अभियुक्त रोशन यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों गिरफ्तारियों के अतिरिक्त अन्य दो अभियुक्त नरेश यादव एवं बजरंगी पासवान उर्फ धर्मेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार मधुबन थाना कांड संख्या 2/ 25 में तीन गिरफ्तारियां एवं कांड संख्या 11/25 में एक गिरफ्तारी हुई है। 45 लोगों को पूछताछ के दौरान बुलाया गया था, जिसमें घटना में संलिप्त कुल 18 लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। बता दें कि बीते दिनों वर्चस्व की लडाई को लेकर कारू यादव एवं उसकी टीम ने हिलटॉप आउटसोर्सिंग में गोलीबारी एवं बमबारी की घटना कौ अंजाम दिया था, जिसमें प्रशासन द्वारा जांच एवं घटना के उद्भेदन को लेकर डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार को पत्थर लगा था। इसी संदर्भ में अभी तक कुल 18 लोगों को जेल भेजा गया है। एसएसपी हरदीप पी जनार्दन के अनुसार छापेमारी अभी भी जारी रहेगी और जो भी व्यक्ति पुलिस के कार्य में बाधा या रोड़े उत्पन्न करेगी, पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। आजसू के कार्यालय में आगजनी की घटना की भी जांच चल रही है। दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई होगी। इसमें कुल 30 टीम बना कर यूपी और बिहार में लगातार छापेमारी चल रही हैं, जिस क्रम में कारू यादव की गिरफ्तारी हुई है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी दल में नौशाद आलम, आशुतोष कुमार सत्यम, शंकर कामती, संजीव कुमार, अरविंद कुमार सिंह पुलिस उपाध्यक्ष एवं पुलिस निरीक्षक राजेश प्रकाश सिन्हा, अनिल कुमार शर्मा, रविकांत प्रसाद, ममता कुमारी, आशीष कुमार सिंह, उदय कुमार गुप्ता तथा पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, अभिनव कुमार, बालमुकुंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिलीप कुमार पाल, शाहबाज अंसारी, मनोज कुमार पांडे, राहुल कुमार झा, वर्षा रानी, अलीशा कुमारी, लव कुमार चौधरी एवं सहस्त्र बल एवं जिला बल के पुलिसकर्मी शामिल थे।



प्रेस वार्ता में गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते एसएसपी हरदीप पी जनार्दनन और अन्य।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.4 °c | 10.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



# केंद्रीय सूचना और प्रसारण और संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन का स्वागत

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तीन दिवसीय समीक्षात्मक दौरे पर झारखंड पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत 16 से 18 जनवरी तक तीन दिवसीय समीक्षात्मक दौरे पर गुरुवार को झारखंड पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर आगमन उपरांत पीआइबी और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने मंत्री का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र से स्वागत किया। दूरदर्शन, आकाशवाणी और जिला प्रशासन, चाईबासा के अधिकारियों ने भी मंत्री का सत्कार किया।



इस अवसर पर उन्होंने सीबीसी रांच द्वारा एयरपोर्ट पर चलाये जा रहे वेव्स हस्ताक्षर जागरूकता अभियान में भाग लिया। दूरदर्शन न्यूज से बात करते हुए उन्होंने आकाश जिला और ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चाईबासा में होने वाली मुख्य गतिविधियों पर चर्चा भी की। अपने दौरे के दूसरे दिन कल माननीय मंत्री चाईबासा के जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) और केज फिशरीज-करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद सेल खदान का साइट विजिट किया जायेगा।

वहीं अंतिम दिन मंत्री का जिला अधिकारियों और विभाग प्रमुखों के साथ बातचीत पर केंद्रित होगा। इसके बाद चाईबासा में एडीपी और एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के संकेतकों का आकलन करने और एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (एडीपी) के सभी मापदंडों में जिले के विकास को उत्प्रेरित करने के लिए एक समीक्षा बैठक होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2018 में शुरू किया गया एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत भर में 112 अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के जिलों के विकास को गति देना है। कमजोर नागरिकों के उत्थान हेतु परिकल्पित, एडीपी विकास के 81 संकेतकों में मापन योग्य प्रगति पर केंद्रित है, जो स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास और बुनियादी ढाँचा रूपी पांच महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित है। इस कार्यक्रम का ठोस प्रभाव पड़ा है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सुधार आया है और क्षेत्रीय विषमताओं को दूर किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) 329 जिलों में 500 ब्लॉकों को लक्षित करता है, जहां पर 40 संकेतकों में मापी गई आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित हो।

इसी कार्यक्रम के अंतर्गत दिसंबर 2024 में मंत्री श्री मुरुगन ने झारखंड के एक अन्य आकांक्षी जिले पलामू की यात्रा की थी। जिला प्रशासन के साथ बैठक और क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा के उपरांत, मंत्री ने सभी विभागाध्यक्षों और दूरदर्शन, पत्र सूचना ब्यूरो, आकाशवाणी और केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। मंत्री ने सुशासन सप्ताह के हिस्से के रूप में प्रशासन गांव की ओर विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला में भी भाग लिया।

### राज्य में कल तक कोहरा छाया रहेगा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। रांची के मौसम केंद्र ने गुरुवार को बताया कि राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है। इसके बाद आसमान में बादल छाये रह सकते हैं। 18 जनवरी को झारखंड में सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ हो जायेगा।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. : 2888 Date: 16.01.2025
Walk-In-Interview
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. invites applications from eligible Candidates for the following posts on contract basis :-
1. Cooperative Intern (1 no.)
2. Domain Experts (5 nos.)
Date & Time of Walk-In-Interview: 18.01.2025 4:00 PM
For eligibility criteria and other details, please visit website: https://www.jscb.gov.in or it may be obtained from Head Office, JSCB
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

# फिलवियुस बारला के निधन पर शोकसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार और रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने निगम के अपर प्रशासक, फिलवियुस बारला के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। बुधवार को मंत्री उनके आवास पहुंचे, जहां उन्होंने पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की। फिलवियुस बारला के असामयिक निधन पर गुरुवार को रांची नगर निगम सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने जानकारी दी कि फिलवियुस बारला का बुधवार शाम आर्किड अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्होंने 23 सितंबर 2024 को रांची नगर निगम में अपर प्रशासक-1 के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था और अपने कार्यकाल के दौरान अत्यंत निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके निधन को निगम परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए प्रशासक ने कहा कि उनकी कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता नगर निगम के लिए प्रेरणास्त्रोत थी। निगम के अधिकारी-कर्मचारी उनके योगदान को हमेशा याद रखेंगे।




# अबुआ बजट: बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26 का आयोजन

# खुशहाली लानेवाला बजट तैयार करेंगे: राधाकृष्ण किशोर

### विभिन्न क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी 2025-26 के बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है, इस बजट में झारखंड के जंगलों, दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों, राज्य के हर तबके, जाति, धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर योजनाएं शामिल की जायेगी। लोगों की चेहरे में खुशहाली ला सके, ऐसा बजट हम तैयार करेंगे। इसलिए आम लोगों से रायशुमारी ली जा रही है। इसी संदर्भ में कृषि, सिंचाई, वन-पर्यावरण, ग्रामीण विकास, आजीविका मिशन, नगर विकास, पर्यटन, उद्योग, खान एवं भूतत्व, श्रम एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आपके कई बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन बहुमूल्य सुझावों को आगामी 2025-26 के बजट में शामिल करने का प्रयास रहेगा। राधाकृष्ण किशोर गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अबुआ बजट कार्यशाला (बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26) को संबोधित कर रहे थे।



### मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों को इकोनॉमिक एंगेज्ड किया जायेगा : दीपिका पांडेय सिंह

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आगामी बजट में झारखंड की महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया जायेगा। जेएसएलपीएस से करीब 32 लाख महिलायें जुड़ी हुई है। महिलाओं को मइयां सम्मान योजना के माध्यम से दी जा रही आर्थिक सहायता को इकोनॉमिक एंगेज्ड कर उन्हें कैसे मदद दी जाये, ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े इस पर विभाग का फोकस है आगामी बजट में। महिलाओं को फाइनेंशियली ट्रेंड कर उन्हें कैसे रोजगार से जोड़ा जाए इसे ध्यान में रखा जा रहा है।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य का 25 वां बजट होगा जहां राज्य की कई चुनौतियां हमारे समक्ष हैं। हम उन दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर बजट तैयार करेंगे, जिससे झारखंड का आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग भी होनी जरूरी है, ताकि बजट में जो योजनाएं शामिल की गयी, उसकी धरातल पर क्या स्थिति है, उसका पता चल सके। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया। मंत्री श्री किशोर ने सतही जल को बचाने पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में वर्षा जल के संचयन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कहा कि कृषि के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, इसलिए कृषि विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग को आगामी अबुआ बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया जायेगा। उन्होंने हॉर्टिकल्चर के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बल दिया। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जंगल में रहने वालों को तो वनपट्टा मिल जाता है, परंतु कनेक्टिविटी की कमी के कारण उस क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाती है। प्रयास करें वहां तक पहुंचने के लिए सड़कें हों। उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से बेसिक नीड्स उपलब्ध कराने पर जोर दें। साथ ही महुआ आधारित शराब बनाने पर जोर दें, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

**आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर :** कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि हमारे राज्य के किसानों को ध्यान में रख कर आगामी बजट में उन्हें शामिल किया जायेगा। आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जायेगा। हमारे किसान पारंपरिक तौर पर एकल खेती पर निर्भर है, हमारा प्रयास होगा कि उन्हें पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए बहुकृषि करने पर जोर दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के तहत बिरसा पाठशाला प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसे आगामी बजट में बृहत पैमाने पर चलाया जायेगा, जहां हम किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे, उनकी कैपेसिटी बिल्डिंग करेंगे, ताकि वे अपने जमीन पर बेहतर तरीके से खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाओं जिसमे मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड मिल्क फेडरेशन को और मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही मत्स्य पालन में भी हमलोग बेहतर कर रहे हैं।

### प्राप्त सुझावों पर प्रस्ताव किया जायेगा तैयार

जल संसाधन विभाग सह वित्त विभाग के प्रधान सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में झारखंड के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कई सुझाव प्राप्त किये गये। बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) में एक्सपर्ट के कई सुझाव आयें। इसमें प्रेम शंकर प्रोफेसर देवनाथन, धीरज दानियाल होरो, शैलेंद्र कुमार, अमिताभ गोप और विकास विभाग के सचिव मस्त राम मीना ने भी अपने विचार रखे। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सचिव ग्रामीण विकास विभाग के श्रीनिवासन और संबंधित विभागों के अधिकारी, संबंधित क्षेत्र से आये विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# पीजी विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मनमानी पर लगे रोक : एनएसयूआइ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची विश्विद्यालय कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि पीजी सेमेस्टर 4 में डिजरटेशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट के 100 अंक पीजी विभाग के शिक्षक अपने हाथों में पूरा मार्क्स फाइल रखे हैं, नियम अनुसार वो गलत है। हर महाविद्यालय से छात्र छात्राओं को पीजी विभाग बुलाया जाता है, जबकि जिस महाविद्यालय के हार्नेस डिपार्टमेंट में 50 से जायदा विद्यार्थियों हों, वहां पीजी के शिक्षकों को वाइवा लेने के लिए जाना चाहिए और जो डिजरटेशन रिपोर्ट में वाइवा में 30 अंक जो एक्टरनल के हाथों में होता है, उसे ये लोग पूरा 100 अंक अपने हाथों में रखे हुए है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करता है कि अगर 70 अंक प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर है, तो 70 अंक महाविद्यालय के हाथों में होना चाहिए और वाइवा लेने का अधिकार संबंधित कॉलेज को होना चाहिए। 70 अंक और 30 अंक दोनों पीजी विभाग अपने हाथों में रखा हुआ है, यह गलत है। विवि प्रशासन इस पर विचार करे एवं छात्रहित में उचित निर्णय जल्द ले और लिखित आदेश निकाले।

कुलपति ने तत्काल उक्त मामले को परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार के संज्ञान में दिया और इस मामले को गंभीरता से देखने को कहा। मौके पर पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, आर्यन सिंह, रोहित कुमार आदि छात्र नेता उपस्थित थे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी |
| कर्क | महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# 5 फरवरी को क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के पूर्व सचिव नारायण साहू की पुण्यतिथि पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन पांच फरवरी की सुबह सात बजे अरगौड़ा चौक पर किया जाएगा। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू और चंदन साहू ने संयुक्त रूप से गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 18 साल के युवक और युवती के लिए 10 किलोमीटर, जूनियर ब्वॉय और जूनियर गर्ल्स (12-17 वर्ष) के लिए पांच किलोमीटर, 30 साल से 55 साल तक व्यक्तियों के लिए तीन किलोमीटर की कंट्री दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार पांच हजार, द्वितीय पुरस्कार 3000 हजार और तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये रखा गया है। चौथे, पांचवे और छठे स्थान पर आने प्रतिभागियों को एक हजार रुपये से सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 50 रुपये निर्धारित है। सभी का आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

# स्टॉल्स पर सजने लगीं किताबें, शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नयी दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले में प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रेताओं के आने के साथ परिसर में गहमा-गहमी शुरू हो गयी है। इसी के साथ 80 से अधिक स्टॉल्स पर सजने लगी हैं किताबों की खूबसूरत दुनिया। मेले का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को अपराह्न 3:30 बजे मुख्य अतिथिद्वय राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह के उद्बोधन से होगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार उपस्थित रहेंगे।

शुभारंभ समारोह के साथ ही पुस्तक प्रेमियों के आने का सिलसिला शुरू होगा, जो 26 जनवरी तक जारी रहेगा। यहां पुस्तक प्रेमी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक पुस्तकों को उलट-पलट सकेंगे। अपनी पसंद की पुस्तकें चुन और खरीद सकेंगे। यह जानकारी समय इंडिया (रजि), नयी दिल्ली के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने दी।



**मेले में प्रवेश सहयोग राशि से :** उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले में आने वाले पुस्तक प्रेमियों को प्रवेश के लिए 10 रुपये की सहयोग राशि देनी होगी, लेकिन स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 11 बजे से 2 बजे के बीच अपना आई कार्ड दिखाने पर निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। पुस्तक प्रेमियों के लिए पूरे मेला अवधि के लिए पास जारी करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

**अन्य भाग ले रही प्रमुख संस्थाएं :** श्री भूषण ने बताया कि जिन प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रेताओं की मेले में भागीदारी है उनमें राजपाल एंड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, लक्ष्मी प्रकाशन, नैय्यर बुक सर्विस, वर्मा बुक कंपनी, रोहित बुक कंपनी, विकल्प प्रकाशन, आर्यन बुक कम्पनी (नयी दिल्ली), हिंद युग्म (गौतम बुद्ध नगर), दिव्यांश प्रकाशन (लखनऊ), योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, गीता प्रेस, रामकृष्ण मिशन आश्रम (रांची), श्री कबीर ज्ञान प्रकाशन केंद्र (गिरिडीह), राज्य अभिलेखागार (पटना) आदि प्रमुख हैं। झारखंड झरोखा के स्टॉल पर ही राजकमल प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, प्रतियोगिता संबंधी और झारखंड पर केंद्रित पुस्तकें होंगी। रामकृष्ण मिशन आश्रम का स्टॉल स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद साहित्य के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। पुस्तक मेले में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम : मेले में 18 जनवरी को सायं 4 बजे प्रसिद्ध नाटककार अनीश अंकुर की पुस्तक का लोकार्पण डॉ विनोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न होगा। 19 जनवरी को हरिवंशजी से किताबों पर संवाद करेंगे प्रोफेसर विनय भरत। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम सायं 4 बजे होगा। इसमें नगर के विशिष्ट लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार शामिल होंगे। दोनों लेखकों की पुस्तकें प्रकाशन संस्थान ने प्रकाशित की हैं।

**बच्चों पर केंद्रित विविध कार्यक्रम :** मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखे गये हैं, जिनमें कविताझसुनाओ कहानी लेखन प्रतियोगिता, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, बच्चों की लोक गीत/देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नाट्य प्रतियोगिता आदि प्रमुख हैं। बच्चों की सभी प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम निःशुल्क होंगे।

# गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध को प्रभावी बनायें : आलोक कुमार दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखंड के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पत्र लिखकर राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की है।



पत्र में श्री दूबे ने कहा कि झारखंड सरकार ने गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद इन उत्पादों की बिक्री और सेवन खुलेआम हो रहा है। यह न केवल सरकारी आदेशों का उल्लंघन है, बल्कि राज्य के बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से चिंता व्यक्त की कि स्कूलों के छात्र और युवा वर्ग स्कूल से निकलने के बाद गुटखा, तंबाकू और अन्य नशे के पदार्थों का सेवन करने लगे हैं। कई बार बच्चों के दंडित होने के बाद मानसिक तनाव के कारण वे आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं। श्री दूबे ने यह भी बताया कि तंबाकू और गुटखा की लत के बाद कई युवा ड्रग्स का सेवन करने लगते हैं, जिससे इंट्रावेनस ड्रग ट्रांसमिशन का कारण बनता है और एचआइवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारियों का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता है। उन्होंने गुलाम अहमद मीर एवं मुख्य मंत्री से आग्रह किया कि राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू किया जाये और नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाये, ताकि झारखंड की युवा पीढ़ी को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके।

## धान की आधिप्राप्ति बंद होने से किसान परेशान

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के पालू पैक्स को धान की खरीददारी करने की जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेवारी दी गयी है। परंतु पर्याप्त गोदाम के अभाव के कारण कुछ दिन धान की खरीददारी की जाती है, और गोदाम के भरने के कारण अधिप्राप्ति की प्रक्रिया रोक दी जाती है। बीते करीब एक सप्ताह से पालू पैक्स के द्वारा धान की अधिप्राप्ति बंद कर दी गयी है। इससे किसान हैरान और परेशान है, और सरकारी अधिप्राप्ति बंद होने के कारण किसान औने पौने दाम पर अपने खून पसीने से सींचकर उगाये गये धन को बेचने पर मजबूर है। वही पैक्स के इंद्रजीत सिंह का कहना है कि किसान अधीर न हो प्रखंड के सभी किसानों से धान खरीदा जायेगा। बताया जाता है कि पालू पैक्स के द्वारा अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से अब तक करीब 2 हजार 7 सौ 85 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति कुल 62 किसानों से की गयी है। इसमें से 8 सौ 72 क्विंटल धान पतरातू से मिल के लिए जा चुका है शेष 1 हजार 9 सौ 12 क्विंटल धान गोदाम में पड़ा हुआ है, और अधिप्राप्ति बंद है। इस संबंध में डीएसओ रामगढ़ रंजिता टोप्पो से बात करने पर उन्होंने बताया कि गोदाम फूल हो जाने कारण अधिप्राप्ति रोक दी गयी है। गोदाम से धान मिल के लिए जल्दी जाये इसके लिए व्यवस्था की जा रही है।

## आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी से रेलकर्मियों में खुशी का माहौल

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** इसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन और एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा है इसीआरकेयूं और एआइआरएफ की मेहनत रंग लायी। उक्त यूनियन के दबाव के कारण केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के लिए कमेटी गठन करने को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि एआइआरएफ और इसीआरकेयू ने बीते दिसंबर में इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव में उतरी थी। एक माह पूरा होते ही इस मुख्य मांग पर सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के आवास पर केबिनेट की विशेष बैठक में सरकार द्वारा फैसला लिया जाना फेडरेशन और इसीआरकेयू के नेतृत्व में रेलकर्मियों के आंदोलन के सफल तस्वीर को दर्शाता है। मंजूरी की निर्णय पर रेलकर्मियों में खुशी का माहौल है। मौके पर उपस्थित इसीआरकेयू बरकाकाना के शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, अध्यक्ष पी के गांगुली, डी के मौईत्रा, डी के नायक, संजय कुमार, ईश्वर, आर के कुमार, बिक्रम, धीरज पांडे, मुकेश लाल, अमर कुमार सिंह, अमर यादव, विवेक कुमार सहित कई अन्य रेलकर्मियों ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाई और शुभकामनाएं संदेश दिया है।

## राजद के धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी बनाये गये संतोष यादव, दी गयी बधाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने रीवर साइड भुरकुंडा निवासी संतोष यादव को धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी मनोनीत किया है। साथ ही निर्देश दिया है कि जिला अध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिये ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़कर सदस्य बनाने का काम करें। ताकि संगठन को मजबूती प्रदान कर राजद सुप्रीमो लालू यादव के हांथो को मजबूत करने का काम किया जा सके। संतोष यादव के धनबाद जिला का सदस्यता प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, युवा राजद महासचिव संजय यादव, मजदूर नेता ललन सिंह, बैजनाथ यादव, वाहिद अंसारी, जानकी ठाकुर, संतोष मिश्रा, शौकत खान, मदन पांडेय, सुभाष तिवारी, गोविंद बड़ाईक सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बीडीओ ने दीदी बगिया और आम बागवानी का किया निरीक्षण



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा ने गुरुवार को बरियातू में मनरेगा से क्रियान्वित दीदी बगिया और आम बागवानी योजना के निरीक्षण किया। इस अवसर पर दीदी बगिया की संचालिका सविता देवी और जे एस एल पी एस के एफ टी सी महेंद्र कश्यप से उक्त दोनों योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से बीडीओ को बताया। बीडीओ ने बताया कि इस योजना के तहत वैसी परती जमीन का चयन किया जाना है, जहां समुचित घेराबंदी की जा सके। साथ ही पौधों को पर्याप्त धूप मिल सके और पौधों की सिचाई के लिए पानी मिल सके। मनरेगा से संबंधित किसी भी योजना में किसी प्रकार का फर्जी भुगतान न करें। साथ ही संबंधित योजनाओं में मशीन का प्रयोग भी न करें, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करें, ताकि प्रवासी मजदूरों को रोजगार मिल सके। प्रवासी मजदूरों का जॉब कार्ड निर्गत करने के साथ-साथ उन्हें कार्य भी आवंटित करें। नई योजनाओं का नियमानुसार संचालन कर मानव दिवस सृजित करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक गांव में पांच से छह योजनाएं चालू करें। इसके अलावा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित योजनाओं में घेराबंदी, पानी पटवन, पौधों की सुरक्षा के लिए कीटनाशक करें। इसके अलावे बीडीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन रीना चौधरी उपस्थित थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उपस्थित छात्राओं से पठन-पाठन, भोजन और आवास की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर बीपीओ कामाख्या प्रसाद आदि मौजूद थे।

## क्लोवर स्कूल में मकर संक्रांति पर पतंगबाजी




**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्लोवर फील्ड प्ले स्कूल, टूटी झरना रोड भरेचनगर सांडी में मकर संक्रांति के मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पतंगबाजी प्रतियोगिता में सबका मन मोह लिया। वही, स्कूल परिसर में पारंपरिक सजावट और रंग-बिरंगी पतंगों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य रजत सिन्हा ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर मकर संक्रांति का महत्वों को बताया। जबकि बच्चों ने बड़ी उत्सुकता और जोश के साथ पतंग उड़ाया। वहीं, आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों की बहार छा गयी। प्राचार्य रजत सिन्हा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व का महत्व हमें एकता, परिश्रम और उमंग से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, बच्चों के बीच तिल-गुड़ के लड्डू और पारंपरिक व्यंजनों के वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक श्रेया ब्रह्मभट्ट, प्रिया शर्मा, रीना कुमारी, सलोनी कुमारी, पूजा मिश्रा शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के मुरपा फोरलेन सड़क पर बुधवार की देर रात्रि कार व बाइक की जबरदस्त टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, रामनगर कुजू निवासी नितेश भुईयां (25 वर्ष) और गोलू अपने पल्सर बाइक संख्या जेएच 20 ई 6382 पर दोनों दोस्त सवार होकर चरण पहाड़ी से टुसू मेला देखकर लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा में रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे हैं फॉर्च्यूनर संख्या जेएच 01एफ के 9393 के बीच टक्कर हो गई। घायलों को कुजू पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद युवकों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान नितेश भुइयां की मौत हो गयी।

### क्राइम मीटिंग में अवैध कारोबार और संगठित अपराध पर सख्त दिखे एसपी

# अवैध कारोबार और संगठित अपराध पर ढिलाई बरतने पर नपेंगे थानेदार: एसपी

**दुर्घटना में मरे लोगों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में आपराधिक गिरोह पर पूरी तरीके से अंकुश लगाना है। जितने भी अपराधी गिरोह से जुड़े हुए हैं, उनके घरों पर कुर्की जब्ती होगी। साथ ही थानेदारों को सख्त हिदायत दिया है कि जो थानेदार अवैध कारोबार और संगठित अपराध पर ढिलाई बरतते है तो उनपर सीधी कार्रवाई की जायेगी। यह बातें एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में कही है। उन्होंने कहा है कि अपराधियों की गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रखने की जरूरत है, तभी समाज में शांति व्यवस्था कायम हो सकती है। अपराधी न सिर्फ व्यवसाईयों को अपना निशाना बना रहे हैं, बल्कि रंगदारी वसूलने के लिए आम नागरिकों को अपने शिकंजे में कस रहे हैं। ऐसे गिरोह के कई अपराधियों पर पहले भी कार्रवाई हुई है। अब उनके खिलाफ डोसियर खुलेगा, साथ ही उन पर सर्विलेंस से निगरानी होगी।



**3 वर्ष से लंबित कांड तत्काल हो निष्पादित**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि हर माह अपराध समीक्षा बैठक में दर्ज हुए मामले और निष्पादित मामलों की समीक्षा होती है। लेकिन जो मामले 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें तत्काल निष्पादित किया जाना है। हालांकि ऐसे अपराधों की संख्या कम है। प्राथमिकता के तौर पर आर्म्स एक्ट, महिला उत्पीड़न, पोस्को एक्ट, चोरी, डकैती जैसे मामलो में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करना है।

**दुर्घटना में मरे लोगों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा:** एसपी ने बताया कि विधि व्यवस्था के साथ-साथ सड़क दुर्घटना पर भी पुलिस निगरानी कर रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि दुर्घटना में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराना है। इसी मुद्दे पर एक दिन पहले प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के साथ भी बैठक हुई, जिसमें मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का निर्णय लिया गया।

**बालू, कोयला, पत्थर के अवैध कारोबार पर होगी कार्रवाई:** एसपी ने सभी थाना प्रभारी को बालू, कोयला, पत्थर और शराब के अवैध कारोबार पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार की वजह से अपराध की संख्या भी बढ़ जाती है। कहीं भी अगर बालू तस्करी, कोयला तस्करी, पत्थर तस्करी या अवैध शराब का निर्माण हो रहा हो तो सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

**बैठक में ये थे उपस्थित:** अपराध समीक्षा बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, गोला इंस्पेक्टर पंकज कुमार, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाकांत वर्मा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सहित जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी और कोर्ट के पीपी और एपीपी मौजूद थे।

### राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर डीसी ने की समीक्षा

# तीव्र गति से मामले को निष्पादित करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिये। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गयी उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं डीसी ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने संबंधित जिला और अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में करें**

बैठक के दौरान मैनेजर आइटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान डीसी ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**पोर्टल पर आये आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश:** परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध करायी जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में डीसी ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर बैठक

**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** कनकी पंचायत होसीर गांव नवयुवक कल्ब होसीर जोगारी मैं गुरुवार को श्री श्री सरस्वती पूजा के संबंध एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंकज कुमार और संचालन जयपाल महतो ने किया। हर वर्ष भांती इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से पूजा को सफल होना है और साथ ही एक कमेटी गठित की गयी। जिसमें अध्यक्ष बिनोद महतो, सचिव वासुदेव महतो, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, उपसचिव शंकर महतो, उपकोषाध्य वकील महतो, संरक्षक चरकु महतो, धनेश्वर महतो बने। साथ ही अन्य सदस्य दिलीप कुमार, रोहित महतो, राहुल कुमार, सुमित कुमार, शिव लाल महतो, महावीर महतो, निशांत, चंदन, प्रकाश कुमार, रितेश और ग्रामीण उपस्थित थे।

# ठगों ने यूपी की गाड़ी को दो अलग-अलग कंपनियों से करा लिया फाइनेंस, 42 लाख रुपये उड़ाये

**कंपनी के सेल्स मैनेजर सेल्स एग्जीक्यूटिव समेत छह लोगों पर हुई प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में ठगों ने बड़े ही शातिर तरीके से उत्तर प्रदेश की एक हाईवा गाड़ी को दो अलग-अलग कंपनियों से फाइनेंस करा लिया। ठगी के मास्टरमाइंड लोगों ने 42 लाख रुपये दो कंपनियों से निकाल लिए हैं। इसमें इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी और चोला मंगलम फाइनेंस कंपनी के रुपए एक ही गाड़ी पर फाइनेंस कर दिया गया है। इस मामले में फाइनेंस करने वाले एजेंट संजय कुमार महतो ने रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज करायी है इस प्राथमिक की में उसने इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी के सेल्स मैनेजर सरोज चटर्जी, सेल्स एग्जीक्यूटिव कुणाल कुमार सिन्हा, गाड़ी मालिक राहुल राणा, उनके पिता केदार राणा, भाई संजय कुमार राणा, मां सीता देवी को अभियुक्त बनाया है।

**यूपी 21 सीटी 1332 गाड़ी पर दो-दो कंपनियों ने लगा दिया दांव:** प्राथमिकी दर्ज करने वाले संजय कुमार महतो ने बताया कि वह गाड़ी फाइनेंस का काम करते हैं। रामगढ़ शहर के डीएस कॉम्प्लेक्स में एसएस मोटर कार्यालय को इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी ने ऑथराइज्ड डीएसए बनाया था। हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत पगमिल निवासी राहुल राणा ने हाईवा यूपी 21 सीटी 1332 को फाइनेंस करने की इच्छा जाहिर की। उसने संजय कुमार महतो को बताया कि वह गाड़ी उनके पिता केदार राणा और उपस्वामी मां सीता देवी के नाम पर फाइनेंस करना है। उन्होंने अपने पिता और मां के आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज कंपनी को उपलब्ध कराये। इस आधार पर कंपनी ने 29 लाख 98 हजार 805 रुपये का लोन स्वीकृत किया। स्वीकृत लोन में से 28 लाख 24 हजार 205 रुपए संजय कुमार महतो को इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी ने उपलब्ध कराया। इसमें से 1 लाख उन्होंने राहुल राणा को दिये और 24 लाख रुपये उनके पिता केदार राणा के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर किये।

**संजय को हुआ संदेश तो कंपनी के पदाधिकारियों ने डाला दबाव :** संजय कुमार महतो ने पुलिस को बताया कि जब उन्हें लोन स्वीकृत होने की खबर मिली, तो उन्हें यह भी संदेह हो गया कि गलत तरीके से लोन किया जा रहा है। उन्होंने इसकी सूचना इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों को दी। तब कंपनी के सेल्स मैनेजर सरोज चटर्जी और सेल्स एग्जीक्यूटिव कुणाल सिन्हा ने उन पर दबाव बनाना शुरू किया।

### कुशवाहा भवन सत्र 2025-27 का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद, सचिव भीम प्रसाद कुशवाहा बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कुशवाहा भवन सत्र 2025-27 का चुनाव गुरुवार को शहर के बाजार टांड़ स्थित कुशवाहा भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए शिवचंद्र प्रसाद शिवा, राजकुमार प्रसाद और रमेश प्रसाद कुशवाहा, सचिव पद के लिए भीम प्रसाद कुशवाहा और टीकम कुमार उर्फ टीसी बॉबी मैदान में थे। जबकि, कोषाध्यक्ष पद पर खड़े अनिल कुमार निर्विरोध चुने गये।



**219 में 207 मतदाताओं ने किया मतदान**

चुनाव पदाधिकारी घनश्याम महतो, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, उमेश चंद्रा और बलराम प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से बताया कि कुशवाहा समाज के 219 मतों में से 207 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें, अध्यक्ष पद में खड़े शिव चंद्र प्रसाद को 86, राजकुमार प्रसाद को 49 और रमेश प्रसाद कुशवाहा को 71 मत मिले। वहीं, सचिव पद में खड़े भीम प्रसाद कुशवाहा को 114 और टिकट कुमार उर्फ टीसी बॉबी को 92 मत मिले। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर खड़े अनिल कुमार निर्विरोध चुने गये।

**अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को माला पहनाकर किया स्वागत:** चुनाव संपन्न होने के बाद समाज के लोगों ने अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद सचिन भीम प्रसाद कुशवाहा और कोषाध्यक्ष अनिल कुमार को माला पहनकर स्वागत किया। समाज के लोगों ने कहा कि नये पदाधिकारियों के चयन से कुशवाहा भवन का चहूमुखी विकास होगा और समाज को एक नई दिशा मिलेगी जो कुशवाहा समाज के लिए उपयोगी है।

**चुनाव सहयोग समिति में ये भी थे शामिल:** चुनाव सहयोग समिति भोलानंद प्रसाद, रविकांत कुशवाहा, गोकुल महतो, चमन महतो भी शामिल थे।

## धारा फॉल में पौष मेला का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के धारा फॉल में पोष मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सह युवा नेता राजीव जायसवाल ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि मेला हमारी संस्कृति का प्रसार करने में सहायक होती है। मेलों के आयोजन से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है। यह लोगों को परस्पर जोड़ने का कार्य करता है। आधुनिकता की इस दौर में हम सब को मिलकर अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाना होगा। साथ ही राजीव जायसवाल ने कहा कि धारा फॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। भव्य और सफल आयोजन के लिए उन्होंने मेला आयोजन समिति को बधाई दीं। मेला में आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों कि भीड़ उमड़ी थी। मौके पर चोकाद मुखिया रूपा देवी, उपमुखिया अविनाश कुमार, शिवा कुमार, मेला समिति के अध्यक्ष जयनाथ मुंडा, सचिव बद्रीनाथ किस्कु, कोषाध्यक्ष बंशी मांझी, मनोज मुर्मू, प्रीतम झा, रवि हाजरा, सूरज वर्मा, शिवा कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला कार्यालय में भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत वृहस्पतिवार को सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने कहा कि भाजपा का एकमात्र आधार पार्टी के मजबूत और समर्पित कार्यकर्ता हैं। राष्ट्रीय हित में यह अति आवश्यक है कि भाजपा अपने नये और पुराने सभी सदस्यों की सदस्यता और सक्रियता पर बल दे, जिससे पूरी पार्टी प्रदेश स्तर पर मजबूत होगी वहीं संचालक महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को हर मंडल, हर शक्ति केंद्र, हर बूथ और हर घर में पहुंचाने का आग्रह किया। श्री शर्मा जी ने कहा कि किसी पार्टी का स्तंभ उस पार्टी और क्षेत्र के कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं की सजगता ही चुनाव में हार और जीत तय करती है। महामंत्री मृत्युंजय सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व से मिलनेवाला हर कार्य चतरा जिला के कार्यकर्ता कर्तव्यनिष्ठ होकर करते हैं। सदस्यता अभियान में चतरा जिला के प्रत्येक कार्यकर्ता ऊर्जा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। पार्टी द्वारा दिये गये किसी भी कार्य को भाजपा कार्यकर्ता बहुत ही तन्मयता से पूरा करते हैं। मौके पर उपस्थित किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जीतेन्द्र जैन, जिला कोषाध्यक्ष आनंद ताम्बी, ऋषि बाला सिंह, बासुदेव दांगी, कपिल पासवान, काली यादव, अमित सिंह, खगेश्वर साहू, सहित जिला कार्यसमिति सदस्य गण, जिले के सभी मंडल अध्यक्ष गण, सभी मंडल महामंत्री गण, बैठक में शामिल हुए।

## कुंदा महादेव मठ परिसर से खुदाई में मिली नंदी भगवान की खंडित प्रतिमा



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चतरा जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुंदा स्थित महादेव मठ परिसर से खुदाई के दौरान एक प्राचीन प्रतिमा मिली है। भगवान नंदी की खंडित प्रतिमा जानकी दास बाबा के समाधि स्थल के समीप मिला है। प्रतिमा 500 साल प्राचीन बताई जा रही है। इसकी पुष्टि एएसआई रांची सर्कल समेत वरीय पुरातत्वविदों ने भी की है। भगवान नंदी की प्राचीन प्रतिमा मिलने से आसपास के लोग उत्साहित हैन और प्रतिमा की पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। नंदी की प्रतिमा भारी भरकम है और सेंड स्टोन से बना हुआ है। दो फीट से अधिक की लंबाई वाले प्रतिमा का सिर कटा हुआ है। यह प्रतिमा प्राचीन महादेव मठ मंदिर परिसर खुदाई के क्रम में ही मिला है। नंदी की प्राचीन प्रतिमा मिलने से लोगों में हर्ष है। आपको बता दें कि कुंदा के पूर्वी भाग में एक पहाड़ी नुमा स्थान में पत्थर को काट कर गुफा नुमा मंदिर बना हुआ है, जिसमें शिवलिंग समेत अन्य देवता स्थापित है। मंदिर परिसर में सुंदरीकरण को लेकर पर्यटन विभाग और डीएमएफटी मद से पुलिया और फेवर ब्लॉक बनाने का काम चल रहा था। जिसमें जेसीबी से बुनियाद की खुदाई किया जा रहा था इसी दौरान एक वजनी प्रतिमा निकली। इसे बाहर निकाला गया और सफाई की गयी तो नंदी भगवान की प्रतिमा की पहचान हुई।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
House No. 399/B, Road No.-4/C, Ashok Nagar, Ranchi-834002
Contact Tel. No. 0651-2214712, (CIN: U45200JH2002SGC012154)

Letter No.-CE/3815/46 Date:15.01.2025

e-Procurement Notice No.15/2024-25

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi (JPHCL) invites Percentage rate/Item rate/Bid for various Construction/ Repair/Renovation works in the state of Jharkhand. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 17.01.2025 at 11:00 AM to 24.01.2025 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 24.01.2025. Bids received online will be opened at 5:00 PM on 25.01.2025.

Sd/- Chief Engineer
JPHCL, Ranchi

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 97308 date 16.01.2025, I JOLIA TIRKEY, Wife of Late Alois-Kispotta, Resident of Vill& Christ Colony, Katchacho, PO&Mandar, P-S& Mandar Ranchi, Katchancho, Mandar, Ranchi, Jharkhand&835214, do here by solemnly affirm and declare as under:
1. That I am Indian citizen by birth. 2. That my actual and correct name is JOLIA TIRKEY which is written in my Pension Certificate Being PPO Number is 204197000272.
3. That in my Aadhar Card my name has been wrongly written as JULIYA TIRKEY Being no-5519 3742 7019.
4. That JOLIA TIRKEY and JULIYA TIRKEY is the name of one and same person i-e is my self. 5. That this affidavit for the purpose of Name Correction in My Aadhar Card-

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 01199 दिनांक 16.01.2025 मैं ज़रियान हसन पुत्र सैफी हसन, कांजी हाउस के पास, कुंड मुहल्ला, वार्ड नंबर 5, मेदिनीनगर, पलामू, झारखंड - 822101 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि - 1. यह है कि भारतीय नगरिक हूँ कि एवं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मैंने अपना पुराना नाम ज़रियान हसन से बदलकर नया नाम ज़रियान हसन सैफी हसन रख लिया है, आज से मुझे इसी नाम से जाना जाएगा 3. यह कि मैं अपने नाबालिग बेटे का सही नाम दिखाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए यह शपथ पत्र बना रहा हूं, इस अनुरोध के साथ कि आधार कार्ड पर मेरे बेटे का नाम सही किया जाए।

# जिम्मेदारी समझें मार्क जकरबर्ग

फेसबुक की ओनर कंपनी मेटा के सीइओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर गलतबयानी के मामले में फंस गये। हालांकि समय रहते 14 जनवरी को मेटा इंडिया के सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष, शिवनाथ ठुकराल ने मंत्री के ट्वीट के जवाब में मेटा की ओर से माफी मांगी। उन्होंने लिखाः आदरणीय मंत्री @Ashwini Vaishnaw, मार्क का यह अवलोकन कि 2024 के चुनावों में कई सत्तारूढ़ दलों को दोबारा नहीं चुना गया, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है। बता दें कि फेसबुक और मेटा पहले भी तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर ढिलाई जैसे आरोपों में घिरती रही है। यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया, जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवायी। तथ्य यह है कि बीजेपी की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की।

**जकरबर्ग ने अभी हाल ही में मेटा की कंटेंट मैनेजमेंट पॉलिसी में बड़े बदलाव की घोषणा की है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लाये जा रहे इन बदलावों के तहत मेटा थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग का सिस्टम समाप्त करने वाली है।**

परिणामस्वरूप नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और उनकी सरकार चल रही है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? जकरबर्ग ने अभी हाल ही में मेटा की कंटेंट मैनेजमेंट पॉलिसी में बड़े बदलाव की घोषणा की है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लाये जा रहे इन बदलावों के तहत मेटा थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग का सिस्टम समाप्त करने वाली है। उसकी इस घोषणा को भी अमेरिका में हो रहे सत्ता परिवर्तन से जोड़ कर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह ट्रंप समर्थकों को खुश करने की कोशिश है, जो फ्री स्पीच के नाम पर फैक्ट चेकिंग की इस व्यवस्था का काफी समय से विरोध कर रहे हैं। 2018 में सामने आये कैंब्रिज एनालिटिका विवाद को भी इस संदर्भ में याद किया जा सकता है, जिसमें यूजर्स के पर्सनल डेटा की सुरक्षा का सवाल प्रमुखता से उभरा था। ऐसे और भी मामले हैं जिनसे यह संदेह मजबूत होता है कि फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। समाज को होने वाले नुकसान की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस तरह की गैर जिम्मेदारी खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। उम्मीद है, सरकार की सख्ती मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनायेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**शास्त्रीजी का एक काम याद आता है, जिसमें उन्होंने स्त्रियों को बस कंडक्टर बनाने की योजना बनायी और उस पर अमल भी सुनिश्चित किया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार और वह भी ऐसा कि हर तरह के लोगों के साथ व्यवहार करने और प्रत्येक स्थिति का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। महिलाएं एक ओर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और दूसरी ओर पुरुष दूसरे काम कर सकें, दोनों एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें।**

# लाल बहादुर शास्त्री का कार्यकाल छोटा था, मगर मील का पत्थर सिद्ध हुआ

**पूरन चंद सरीन**

11 जनवरी 1966 को जब निधन हुआ, तब लाल बहादुर शास्त्री को केवल लगभग 19 महीने प्रधानमंत्री पद ग्रहण किए हुए थे। पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा न कर सके, पर उनका नाम और काम आज तक याद आता है, क्योंकि जो किया उसकी छाप जब पड़ी थी, तब से लेकर आज वर्तमान और कल भविष्य पर भी रहेगी।

**महिलाओं का उत्थान :** आज हर नेता और राजनीतिक दल कहता है और ढोंग करने की हद से भी परे जाकर घोषणाओं का दिखावे के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि लगे कि उनसे बड़ा महिलाओं का कोई हिमायती नहीं। शास्त्रीजी का एक काम याद आता है, जिसमें उन्होंने स्त्रियों को बस कंडक्टर बनाने की योजना बनायी और उस पर अमल भी सुनिश्चित किया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार और वह भी ऐसा कि हर तरह के लोगों के साथ व्यवहार करने और प्रत्येक स्थिति का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। महिलाएं एक ओर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और दूसरी ओर पुरुष दूसरे काम कर सकें, दोनों एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें।

**सन 1964 से 1966 तक देश के अनेक भाग अकाल ग्रस्त थे। ऐसे में खाद्य सुरक्षा और खाद्यान्न में उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की शुरुआत शास्त्रीजी ने ही की थी।**

शास्त्रीजी का दूसरा काम जो आज तक चल रहा है और देश को दुनिया भर में गौरवान्वित कर रहा है, वह है, दुग्ध उत्पादन और सहकारिता के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित करना जिसके बल पर हम दूध का उत्पादन करने वाले देशों में सबसे आगे हैं। अमूल का नाम आज हर कोई जानता है। अगर शास्त्रीजी वर्गीज कूरियन से न मिले होते और डेयरी उद्योग की नींव न डाली होती, तो आज इस क्षेत्र में महिलाओं विशेषकर ग्रामीण इलाकों में उनके जीवन भर रोजगार का साधन न बनता। दुधारू पशुओं की देखभाल पहले भी करती थीं, लेकिन उन्हें एक व्यवस्थित जीवन और निरंतर आमदनी का साधन इसी से मिला।

राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल डेयरी डेवेल्पमेंट बोर्ड की स्थापना का श्रेय उन्हीं को जाता है। उनकी नीति और दूरदर्शिता का ही कमाल था कि आज यह बोर्ड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से स्व-सहायता समूहों, स्व-रोजगार और स्वयं निर्मित संसाधनों से देहाती क्षेत्रों में स्त्री-पुरुषों की आजीविका का प्रमुख साधन बन रहा है। दूध का व्यापार करने की आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है और एक तरह से प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वातावरण बन रहा है।



**शास्त्रीजी गृह, परिवहन और रेल मंत्री भी रहे। सभी पदों के अनुभव को लेकर जब प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी व्यक्तिगत हित की बात तो छोड़िए पार्टी के बारे में भी नहीं सोचा कि उनके किसी काम से कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कभी सोचा ही नहीं कि जनहित से बड़ा किसी भी नेता का कोई कार्य या उद्देश्य हो सकता है। रेल दुर्घटना के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी और त्यागपत्र देने वाले वह एकमात्र मंत्री थे और उनका उदाहरण आज भी दिया जाता है।**

**खाद्यान्न सुरक्षा :** सन 1964 से 1966 तक देश के अनेक भाग अकाल ग्रस्त थे। ऐसे में खाद्य सुरक्षा और खाद्यान्न में उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की शुरुआत शास्त्रीजी ने ही की थी। आज हम एक विशाल जनसंख्या को मुफ्त अनाज देने का दम भरते हैं, उसका आरंभ उन्होंने ही हरित क्रांति के रूप में किया था। पूरे देश से अनुरोध किया था कि सप्ताह में एक वक्त का भोजन न करें और अन्न की बर्बादी न होने दें। अधिक उपज देने वाली फसलों के अनुसंधान और उनसे तेजी से अनाज उत्पादन करने की नींव उन्होंने ही डाली थी। फूड कार्पोरेशन का गठन उन्होंने ही किया था। राष्ट्रीय कृषि उत्पाद मंडल की स्थापना उन्हीं का लक्ष्य था, जिसके जरिए देश को खाद्य संपन्न बनाया जा सकता था। हरित क्रांति को लेकर आज जो बहस होती है, उसका सूत्रपात उन के कार्यकाल में हुआ था। डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन का इस क्षेत्र में योगदान मात्र इस नीति की बदौलत हुआ कि देश अनाज के मामले में विपन्न न रहे और अन्य देशों से आयात करने की मजबूरी से मुक्त हो। यह उन्हीं की दीर्घकालीन सोच का परिणाम था कि आज हमारा देश आत्मनिर्भर ही नहीं है, बल्कि खाद्यान्न का निर्यात और भुखमरी से जूझ रहे देशों को अनाज मुहैया कराने में सक्षम है।

**केवल जनहित :** शास्त्रीजी गृह, परिवहन और रेल मंत्री भी रहे। सभी पदों के अनुभव को लेकर जब प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी व्यक्तिगत हित की बात तो छोड़िए पार्टी के बारे में भी नहीं सोचा कि उनके किसी काम से कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कभी सोचा ही नहीं कि जनहित से बड़ा किसी भी नेता का कोई कार्य या उद्देश्य हो सकता है। रेल दुर्घटना के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी और त्यागपत्र देने वाले वह एकमात्र मंत्री थे और उनका उदाहरण आज भी दिया जाता है। आज रेल दुर्घटना होने पर पद छोड़ने की बात तो दूर, उसके कारणों और व्यवस्था में व्याप्त अकुशलता को दूर करने में भी किसी मंत्री की कोई रुचि नहीं होती। वे केवल दोषारोपण करते हैं और भीषण हादसा होने पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नहीं होते। डाक्टर होमी जहांगीर भाभा के सुझाव पर विचार और मंजूरी देने का श्रेय उन्हीं को जाता है। स्वतंत्र भारत में पाकिस्तान के साथ पहला युद्ध भी उन्हीं के नेतृत्व में सन 1965 में लड़ा गया था। हमने शत्रु पर विजय पायी और उसकी राजधानी तक को जीतने का संकल्प उन्हीं का था।

जिस पीढ़ी ने नेहरू और शास्त्री का दौर देखा है, वे इस बात से सहमत होंगे कि विदेश और देशनीति में जो मील के पत्थर इस 5 फुट 2 इंच की पतली दुबली काया के व्यक्ति ने रखे, वे आज भी कायम हैं। विडंबना है कि इंदिरा गांधी से शुरू हुआ परिवारवाद आज कांग्रेस के पतन में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल छोड़ कर नरसिम्हा राव और डॉ मनमोहन सिंह की बात करें, तो वे संयमी और ईमानदार होने के अतिरिक्त देश को कुछ ऐसा न दे सके, जिसका शास्त्री की भांति कदमों के निशान की तरह अनुसरण किया जा सके। इन दोनों प्रधानमंत्रियों को देश की अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन का कर्ता माना जा सकता है, लेकिन इसके साथ ही पर्दे के पीछे किसी की कठपुतली बनने के दोष से उन्हें मुक्त नहीं किया जा सकता।

## देश-विदेश की खबरें

# छत्तीसगढ़ में तीन जिले के 1500 जवानों ने जंगल में नक्सलियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

### 10-12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर, आइइडी ब्लास्ट में दो जवान भी घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। खबर लिएक जाने तक मुठभेड़ जारी थी। एनकाउंटर में 10-12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी चल रही है। मुठभेड़ दक्षिण बस्तर के पुजारी कांकेर के जंगल में चल रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा के अलग-अलग बटालियन और सीआरपीएफ के करीब 1200 से 1500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं, इनमें कुछ बड़े नक्सल लीडर भी शामिल हैं। वहीं बीजापुर में ही आइडी ब्लास्ट में दो जवान घायल हो गये हैं। जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया है।



# गणतंत्र दिवस फ्लाइपास्ट में ध्रुव-तेजस नहीं होंगे शामिल

**पोरबंदर हादसे की वजह से ध्रुव, सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट होने के कारण तेजस बाहर, राफेल शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**नयी दिल्ली।** भारत में बना हेलिकॉप्टर ध्रुव और लड़ाकू विमान तेजस गणतंत्र दिवस फ्लाइपास्ट का हिस्सा नहीं होंगे। इसी महीने गुजरात के पोरबंदर में एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव के क्रैश होने के बाद यह फैसला लिया गया है। वहीं, तेजस के सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट होने की वजह से इसे फ्लाइपास्ट से बाहर किया गया है। दरअसल, वायुसेना ने गणतंत्र दिवस परेड में सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट्स को उड़ाना बंद कर दिया है। वायुसेना अधिकारी ने मीडिया को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में 22 लड़ाकू विमान, 11 ट्रांसपोर्ट विमान, 7 हेलिकॉप्टर और 3 डोरनियर निगरानी विमान शामिल होंगे। फ्लाइपास्ट में एक राफेल लड़ाकू विमान भी शामिल होगा। परेड में वायुसेना की मार्चिंग दस्ते में 144 जवान शामिल होंगे।

**जांच पूरी होने तक उड़ान नहीं भरेगा ध्रुवः** वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि आर्मी, वायुसेना, नौसेना और तटरक्षक बल के पास करीब 330 डबल इंजन ध्रुव हेलिकॉप्टर हैं। पोरबंदर में हुए हादसे के बाद इसके पूरे बेड़े को रोक दिया गया है। दुर्घटना पर बनी हाइलेवल कमेटी जब तक क्रैश की वजह का पता नहीं लगा लेती, तब तक हेलिकॉप्टरों के उड़ान भरने की संभावना नहीं है। इंडियन कोस्ट गार्ड (आइसीजी) का मार्क- 3 ध्रुव हेलिकॉप्टर नियमित उड़ान पर था। पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर लैंडिंग के दौरान दोपहर करीब 12.15 बजे क्रैश हो गया था। हादसे में आइसीजी के दो पायलट और एक एयर क्रू गोताखोर की मौत हुई थी।

**15 साल में पहली बार नहीं होगा ध्रुवः** ध्रुव 15 साल में पहली बार गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं होगा। 5.5 टन वजनी एएचएल ध्रुव का निर्माण सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने किया है। यह मल्टीपर्पज और मल्टी मिशन हेलिकॉप्टर है और पिछले 15 सालों से गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रहा है। वहीं, सिंगल इंजन लड़ाकू जेट तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) है। इसे भी एचएएल ने ही विकसित किया है। यह हल्का लड़ाकू विमान जासूसी और एंटी शिप मिशन में अहम भूमिका निभाता है।

# जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी बीमारी से एक और बच्ची की मौत

**-मरने वालों की संख्या 15 हुई, इसमें से 12 बच्चे, सरकार ने एसआइटी बनायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। राजौरी जिले में रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी है, जिसमें 12 बच्चे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। बधाल गांव में 7 से 16 दिसंबर 2024 के बीच 2 परिवारों के 9 सदस्यों की मौत हुई थी। इसके बाद 11 जनवरी को मोहम्मद असलम के 6 बच्चे बीमार हुए, जिनमें से 4 की मौत हो गयी थी। 12 जनवरी को 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी थी। जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने बधाल गांव में हुई इन मौतों की वजह रहस्यमय बीमारी होने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अंदर और बाहर किये गये सभी जांच के रिजल्ट नेगेटिव आये हैं। मंत्री सकीना मसूद ने कहा कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले पूरी जांच होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे जिला विकास आयुक्त और सीनियर पुलिस अधीक्षक से लगातार संपर्क में हैं। मत्री सकीना मसूद ने कहा कि अगर ये मौतें किसी बीमारी के कारण हुई होतीं तो ये तेजी से फैल जाती और केवल तीन परिवारों तक सीमित नहीं रहती। हालांकि कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स ने मृतकों के नमूनों में 'न्यूरोटॉक्सिन' पाए जाने की बात कही है।

# मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के बाद महिला की मौत, एक्सपायरी सलाइन चढ़ाने का आरोप, हुई कार्रवाई

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 12 डॉक्टरों को सस्पेंड किया**

**परिजनों को पांच लाख रुपेय और सरकारी नौकरी मलिेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में डिलीवरी के बाद महिला की मौत मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्शन लिया है। उन्होंने गुरुवार को अस्पताल के 12 डॉक्टरों को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। उन्होंने महिला के परिजनों को 5 लाख रुपये और सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। जिन लोगों को सस्पेंड करने का आदेश दिया गया है उनमें कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट कम वाइस प्रिंसिपल, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, एचओडी, सीनियर रेजिडेंट और 6 ट्रेनी डॉक्टर शामिल हैं। सभी के खिलाफ गलत सलाइन चढ़ाने की जांच भी की जायेगी। दरअसल मिदनापुर हॉस्पिटल में 8 जनवरी को डिलीवरी के बाद 5 महिलाएं कथित रूप से गलत सलाइन चढ़ाने से बीमार हो गयी थीं। बाद में एक महिला की मौत हो गयी थी। उसका बच्चा मिदनापुर हॉस्पिटल में ही भर्ती है। मृतक महिला के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उसको एक्सपायरी डेट का रिंगर्स लैक्टेट दिया गया था। इसी कारण से महिला की मौत हुई है। इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने में मामला भी दर्ज कराया गया है। इसके बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग एक्टिव हो गया था। इस मामले में पुलिस अधिकारी का कहना था कि महिला ने 8 जनवरी को बच्चे को जन्म दिया था और 10 जनवरी को उसकी मौत हो गई थी। इसकी जांच के लिए 13 सदस्यों की टीम का गठन हुआ है जो मामले की जांच कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि सीआइडी ??और एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट एक जैसी है। दो रिपोर्ट देखने और मुख्य सचिव व गृह सचिव से सुझाव लेने के बाद यह कदम उठाया है। अगर बिल्डिंग के अंदर सीसीटीवी कैमरा होता तो आरोपी को पकड़ा जा सकता था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थिएटर के अंदर भी सीसीटीवी होने चाहिए।

# अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सक्सेसफुली डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाये जायेंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जायेगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लांच किया था। इसके तहत



पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किये गये। 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गयी। 12 जनवरी को स्पेसक्राफ्ट्स को तीन मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

## सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को



झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय।

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह रविवार को 11 बजे प्लस टू हाइस्कूल के सभागार में आयोजित होगा। समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहेंगे।

# अगर पार्टी का निर्देश चुनाव लड़ने का हो, तो चुनाव भी लड़ूंगा: रामचंद्र चंद्रवंशी

### कार्यकर्ताओं के दबाव में पूर्व मंत्री चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्यों से लिया यू टर्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा है कि उन्होनें ऐसी कोई बात नहीं कही है कि वे सक्रिय राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी का निर्देश चुनाव लड़ने का हो तो चुनाव भी लड़ूंगा। गुरूवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि मैं इस प्रेसवार्ता के माध्यम से अपनी बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि हाल ही में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मेरी बातों को गलत तरीके से समझा गया और मीडिया में यह बात फैल गई कि मैंने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। लेकिन मैने ऐसी कोई बात नहीं कही है। हमने केवल यह कहा था कि अपनी उम्र को देखते हुए मैं आगे चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा रखता हूं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि हम सक्रिय राजनीति से अलग हो रहे है। मैं एक अनुशासित पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी का आदेश मेरे लिए सर्वोपरि है। मेरा राजनीतिक भविष्य पार्टी नेतृत्व तय करेगी, और मैं पार्टी के निदेशों का पालन करूंगा। अगर पार्टी का निर्देश चुनाव लड़ने का हो तो चुनाव भी लड़ूंगा। मुझे यह जानकर दुख हुआ कि मेरी बातों को गलत तरीके से समझने के कारण मेरे सैकड़ों कार्यकर्ता आहत और परेशान हुए। वे मुझसे मिलने आये और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। मैं इस मौके पर अपने कार्यकर्ताओं को आश्वासन देना चाहता हूं कि मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। आपके समर्थन और सहयोग से ही मैं चार बार विधायक और दो बार मंत्री बना हूं। आप मेरी ताकत हैं, और आपके बिना मेरी राजनीति अधूरी है। यदि कभी किसी कारणवश मैं व्यक्तिगत रूप से आपके पास नहीं पहुंच पाया, तो मेरे पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी आपके साथ हर परिस्थिति में खड़े रहेंगे। वे भी आपकी भावनाओं और समर्थन का पूरा सम्मान करेंगे। मेरा पूरा ध्यान पार्टी के अनुशासन और आपके समर्थन पर है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि इस गलतफहमी को पीछे छोड़कर हम सब मिलकर पार्टी और समाज की सेवा में जुटें। आपकी भावनाओं का सम्मान और पार्टी की मर्यादा बनाए रखना मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, चंचल दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चार बाल श्रमिकों को धावा दल ने विमुक्त कराया

# बाल श्रम कराने वाले नियोजकों पर होगी कार्रवाई : श्रम अधीक्षक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल के द्वारा श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में विभिन्न दुकान/प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मि-पियोर पानी फैक्टरी स्थान इंडस्ट्रियल एरिया बेलचम्पा प्रखंड गढ़वा के निरीक्षण के क्रम में 4 बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये। सभी बाल श्रमिकों को विमुक्त करा कर बाल कल्याण समिति, गढ़वा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। श्रम अधीक्षक ने सभी प्रतिष्ठान के मालिकों को निर्देश दिया कि बाल श्रमिकों से कार्य लेना गंभीर अपराध है। यदि बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये तो नियोजकों पर कानूनी करवाई की जायेगी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बाल श्रम कराने पर नियोजकों को 6 माह से 2 वर्ष की सजा और बीस हजार से पच्चास हजार का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। उक्त धावा दल में संजय आनंद श्रम अधीक्षक के अलावे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रणव कुमार, संरक्षण संजय ठाकुर, राजीव कुमार रवि, गणेश कुमार जिला समन्वयक लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान और गढ़वा थाना से पुलिस बल के लोग उपस्थित थे।

# मेराल गोदाम से खाद्यान्न नहीं देने के मामले की डीएसओ और डीएसई ने की जांच

गोदाम प्रबंधक ने प्रभार अदला बदली का दिया हवाला, कहा मिलान कर बहुत जल्द की जायेगीआपूर्ति

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत द्वितीय त्रैमास 2024 का आवंटित खाद्यान मेराल गोदाम से डंडई और मेराल का मिलकर करीब 500 क्विंटल नहीं देने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में मेराल बीईईओ द्वारा अक्टूबर 2024 में ही डीएसओ और डीएसई को पत्र लिखा गया था। बावजूद खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने पर दुबारा अनुस्मारक पत्र देने के बाद गुरुवार को दोनों जिलाधिकारी मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित गोदाम पर पहुंचकर मामले का जांच किया गया। अधिकारियों द्वारा स्टॉक रजिस्टर का जांच करने के बाद गोदाम प्रबंधक दीपक चंचल से मामले के बारे में पूछताछ किया गया। मौके पर गोदाम प्रबंधक द्वारा प्रभार का आदान-प्रदान होने का वजह बताते हुए कहा कि स्टॉक का मिलान कर बहुत जल्द खाद्यान्न का आपूर्ति कर दिया जायेगा। मामले में पूछे जाने पर डीएसई अनुराग मिंज ने कहा कि गोदाम प्रबंधक द्वारा तुरंत खाद्यान्न आपूर्ति करने की बात कही गयी है। खाद्यान्न आपूर्ति होने पर कोई मामला नहीं रहेगा।

## शशांक ने पुलिस महानिदेशक से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव व युवा समाजसेवी शशांक शेखर झारखंड पुलिस के महानिदेशक से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विदित हो की शशांक बुधवार की देर शाम झारखंड पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से भेट कर गढ़वा जिले समेत राज्य भर में ऑन द स्पॉट चालान काटने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। शशांक ने एक आग्रह पत्र सौंपते हुए कहा कि झारखंड राज्य में फिलहाल यातायात नियमों को लेकर झारखंड पुलिस सख्त है, राज्य के सभी जिलों में रोजाना मोटासाइकिल चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, कारण कि सुदूरवर्ती इलाकों में लोग अभी भी जागरूक नहीं हुए हैं, जिसका नतीजा उन्हें झेलना पड़ रहा है। थाने की पुलिस बिना हेलमेट चलनेवाले राहगीरों को रोककर उनके वाहनों को थाने में जब्त कर ले रही है, ऐसे में राहगीरों को कागजात जमाकर फाइन भरने में 2 से 4 दिन से हफ्तो का वक्त लग जाता है। अगर राज्य सरकार ऑन द स्पॉट चालान काटने की व्यवस्था कर दें, तो राहगीरों को चालान जमा करने में सहूलियत होगी। शशांक ने कहा कि यह व्यवस्था सिर्फ राजधानी रांची में है इस व्यवस्था को हर जिले व प्रखंड थाना में कर देने से अच्छा होगा, पुलिस महानिदेशक शशांक द्वारा दिये गये पत्र को पढ़कर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि यह अच्छा विचार है। कहा कि अगर कोई इमरजेंसी में जा रहा हो, तो कोई भी वाहन जांचकर्ता उसे परेशान नहीं करेगा, इस विषय को लेकर हम विचार बहुत जल्द करेंगे, साथ ही इस व्यवस्था को लागू करेंगे।

# झोंपड़ी में आग लगने से नौ बकरियों की मौत, पति-पत्नी झुलसे, स्थिति गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ा खुर्द पंचायत के बनकट गांव स्थित सोन नदी के किनारे पर स्थित चंद्रदेव राम की फुस की झोपड़ी में अचानक आग लगने से कुल 09 बकरियों की झुलसने से मौत हो गयी। घटना बुधवार रात्रि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोन नदी के तट पर घांस फूस से बने झोपड़ी में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी सो रहे थे। और सभी बकरियां उसी झोपड़ी में बंधी थीं। आग कैसे लगी, यह किसी को पता नहीं चला। इस अगलगी की घटना में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी झुलस गये। परिजनों द्वारा घायल दंपति को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीरता पूर्वक देख चिकित्सकों ने मेदनीनगर के लिए रेफर कर दिया। घायल चंद्रदेव राम के भतीजे राहुल राम, पिता सत्यनारायण राम ने बताया कि उक्त झोपड़ी में आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है। अगलगी की घटना में झुलसे चाचा व चाची किसी प्रकार झोपड़ी से निकल कर अपनी जान बचाये हैं। उसने बताया कि झोपड़ी में बंधी कुल 09 बकरीयां, बर्तन, भोजन सामग्री, वस्त्र, बिस्तर, सोलर आदि भी जल कर राख हो गया। राहुल ने बताया कि चाचा चंद्रदेव राम के शरीर के दाहिने हिस्से में सिर से लेकर पांव तक गंभीर रूप से जल गया है। जबकि चाची चंद्रावती देवी की कमर आंशिक रूप से जल गया है।

# किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को डीसी ने किया सम्मानित

उपायुक्त शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की की कामना

आजाद सिपाही संवाददाजा



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाले गढ़वा के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि रामगढ़ में आयोजित यूथ किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 6 पदक जीते। जिसमे पांच स्वर्ण व एक कांस्य पदक शामिल है। इस दौरान अनुराज पांडेय ने 24 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया। जबकि अदिति पांडेया 32 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी 38 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, पुण्य प्रसून 38 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अर्णव कुमार 23 किलोग्राम में स्वर्ण पदक व समीर कुमार चौबे 85 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उक्त खिलाड़ियों को उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उक्त मौके पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसई और उपस्थित पदक विजेता और उनके परिजन उपस्थित थें।

## विधायक के पुत्र ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग कर हाल-चाल जाना



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव (ऊर्फ) मनु बाबा ने गुरुवार को ओढेया गांव पहुच कर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग कर परिजनों का हाल-चाल लिया। वहीं परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए कहा कि मुझे आने में अगर कोई विलंब हो गया होगा, तो मैं अपनी ओर से क्षमा मांगता हूं। 40 वर्षीय विनोद यादव के चले जाने के बाद मुझे भी बहुत दुख है। इस घड़ी में यही कह सकता हूं कि अपने परिवार का एक सदस्य खो दिया हूं। मैं हर संभव मदद दिलाने को तैयार हूं। क्योंकि विसुनपुरा के सभी जनता मेरा परिवार है। हमारा और विधायक अनंत प्रताप देव का विशुनपुरा के लोगों के साथ पुराना रिश्ता है। मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष मुखतेश्वर पांडेय, सुधीर प्रसाद, मिंटू, मानिक, संतोष सिंह, मृत्युंजय सहित अन्य लोग शामिल थे।

# भाकपा माले नेता के शहादत दिवस पर जन संकल्प सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** छः मईलवा बिजली सब स्टेशन के समीप मैदान में गुरुवार को भाकपा माले नेता सह कामरेड महेंद्र सिंह के 20वां शहादत दिवस पर भवनाथपुर, केतार और खरौंधी भाकपा माले एरिया कमिटी के तत्वाधान में जन संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व माले कार्यकर्ताओं ने भवनाथपुर कर्पूरी चौक से लेकर छः मईलवा तक पैदल प्रतिवाद मार्च निकाली। माले नेताओं ने सभा स्थल पर कामरेड स्व महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला सचिव कालीचरण मेहता ने कहा कि आज पूरे राज्य में कामरेड स्व. महेंद्र सिंह का 21वां शहादत दिवस मनाया जा रहा है, अगर आज अंबेडकर और कामरेड महेंद्र सिंह जीवित होते तो राज्य की तस्वीर और तकदीर अलग होती। राज्य में गरीब, दलित शोषितों के रक्षा के लिए स्व. कामरेड महेंद्र सिंह सदैव खड़ा होते थे। उन्होंने कहा कि केंद्र के भाजपा सरकार कार्पोरेट घराने के साथ मिलकर आदिवासियों के जमीन को हड़पना चाह रही है, लेकिन उनके मंसूबों को भाकपा माले कभी पूरा नहीं होने देगी, भाकपा माले जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए कोई भी कदम उठा सकती है। इस मौके पर भाकपा माले नेता लालमुनि गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, गिरधारी सिंह, भगवान, बाबूलाल, बिगन सहित बड़ी तादाद में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एसडीओ ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

अध्यनरत छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनीं, समाधान का आश्वासन दिया

पुस्तकालय के संचालन के लिए स्थानीय लोगों की संरक्षक समिति शीघ्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा पुस्तकालय प्रबंधन से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

**100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत मिले :** एसडीओ के भ्रमण के दौरान पुस्तकालय में 100 से अधिक छात्र-छात्रायें शांतिपूर्वक अध्ययन करते हुए मिले। अनुशासित तरीके से पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की उन्होंने तारीफ की। बातचीत के क्रम में जानकारी मिली कि इनमें से ज्यादातर छात्र-छात्राएं एसएससी, बैंकिंग, लोक सेवा आयोग आदि की तैयारी कर रहे हैं।

**अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की रखी मांग :** अध्ययनरत विद्यार्थियों ने एसडीओ को बताया कि यहां पर हिंदी माध्यम की प्रतियोगी पुस्तकें तथा दोनों भाषा के समाचार पत्र उपलब्ध है, किंतु अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें तथा समसामयिक करंट अफेयर की पत्रिकाएं भी अगर उपलब्ध हो जाएं तो बहुत अच्छा होगा। इस पर एसडीओ ने शीघ्र उपलब्धता का आश्वासन दिया।

**पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग :** प्रतियोगी छात्रों ने एसडीओ संजय कुमार को बताया कि यहां पर पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें घर से बोतलों में पानी लाना पड़ता है, साथ ही बताया कि साफ सफाई विशेष कर शौचालय की नियमित सफाई न होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस पर एसडीओ ने बहुत जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**वाई-फाई को करवाया रिचार्ज :** निरीक्षण के क्रम में बच्चों ने संजय कुमार को बताया कि पुस्तकालय का वाई-फाई रिचार्ज नहीं है, जिससे उन्हें अपने मोबाइल का डेटा उपयोग करना पड़ रहा है, इस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए एसडीओ ने पुस्तकालय के दोनों वाई-फाई रिचार्ज करवा दिये। साथ ही इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन पर निर्देश दिया कि हर महीने वे स्वयं सुनिश्चित कर लेंगे कि पुस्तकालय में दोनों तलों पर वाई-फाई काम कर रहे हों।

**पुस्तकालय के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय लोगों को भी जोड़ने की होगी कवायद :** संजय कुमार ने कहा कि यह पुस्तकालय अनुमंडल क्षेत्र का प्रतिष्ठित पुस्तकालय है। इसे सुचारु रूप से संचालित करने में स्थानीय सक्षम लोगों की भी मदद ली जायेगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि यहां पर पढ़ने वाले बच्चे उन्हीं के बीच के और उन्हीं के परिवारों से हैं। इसलिए वे लोग न केवल पुस्तकालय के संचालन की बीच-बीच में देखरेख करते रहें बल्कि कभी-कभी प्रतियोगी अभ्यर्थियों की जरूरत वाली पुस्तकें, पत्रिकाएं आदि भी यथाशक्ति दान करने के लिए आगे आयें।

**पुस्तकालय संचालन समिति के लिए होगा प्रयास :** एसडीओ ने कहा कि पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से पुस्तकालय संचालन समिति बनाने की उनकी कार्य योजना है, इसको लेकर जल्द ही वे उपायुक्त के स्तर से अनुमति लेकर एक बैठक का आयोजन करेंगे।

**पुस्तकालय कर्मियों को निर्देश, छात्र-छात्राओं को टिप्स और सुझाव :** उन्होंने इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें विभिन्न ऑनलाइन कंटेंट प्लेटफॉर्म्स तथा सरकारी शैक्षणिक वेब पोर्टलों की जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर पुस्तकालय कर्मियों के साथ अलग से संक्षिप्त बैठक कर उन्हे आवश्यक निर्देश भी दिये। इस दौरान अजय केसरी, मकसूद अंसारी आदि के अलावा लगभग 100 से अधिक प्रतियोगी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### नया सवेरा नया उजाला के तत्वावधान में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

# शौर्या की टीम ने गुरजीत सिंह टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड बैंक के पीछे गढ़ परिसर में नया सवेरा, नया उजाला सीजन 03 के तत्वाधान में बैडमिंटन टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया।

फाइनल के महामुकाबले में गुरजीत सिंह के टीम को टक्कर देते हुए शौर्य नरेंद्र, की टीम ने दो सेटो से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैच समापन के पश्चात स्थानीय अंचल सीओ के कर कमलों द्वारा मैन ऑफ द सीरीज शौर्य सोनी तथा मैन ऑफ द मैच नरेंद्र कुमार को दिया गया। वहीं डाल्टनगंज के शौर्य, नरेंद्र की विजेता टीम को बड़ा कप और नगद 11000 रुपये तथा उपविजेता टीम को छोटा कप तथा 5100 रुपया दिया गया। वहीं स्थानीय अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने अभिभाषण में कहा कि इस क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रेम की जज्बा बहुत है यदि इन्हें अच्छा प्लेटफार्म मिले तो स्टेट ही नहीं बल्कि देश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। वहीं बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजक मारुति नंदन सोनी के द्वारा प्लेग्राउंड मांग किया गया। अंचलाधिकारी ने बहुत ही विनम्रता भाव से कहा कि मैं इस क्षेत्र के लिए प्लेग्राउंड के बारे में सरकार से बात रखूंगा। सरकार का आदेश होगा, तो मैं बहुत जल्द भूमि चिन्हित कर प्लेग्राउंड बनवाने का काम करूंगा। मौके राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास, थाना के पदाधिकारी संजय कुमार मुंडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एसएन त्रिपाठी, बिरजू सिंह, व्यवस्था रिंकू तिवारी, पप्पू, चंदन, गायत्री परिवार के नागेंद्र, वीरेंद्र सोनी, बिरेंद्र पाठक तथा सैकड़ों सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही

रांची, शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025

www.azadsipahi.in




## ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की देर रात चितरी घाघ मेला से घर लौटने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटने स्थल पर मौत। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू झालजमीरा पुल के समीप ऑटो जेएच 08 एच 7847 के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान झालजमीरा ग्राम निवासी विगन लोहरा के 27 वर्षीय पुत्र अजय लोहरा के रूप में किया गया। बताया जाता है कि अजय लोहार एक संबंधी के साथ मोटरसाइकिल जेएच 01 टी 1959 से चितरी घाघ मेला देखकर अपने गांव झाल जमीरा जा रहा था तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार व लापरवाही से ड्राइव करते आ रहा ऑटो चालक ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे अजय लोहरा की मौत घटने स्थल पर हो गयी। घटने के संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि ऑटो के चपेट में आने से एक की मौत हुआ है और एक घायल हो गया है, जिसे अपने वाहन से सदर अस्पताल में भर्ती करवा कर परिजनों को सूचना दिया गया। वहीं एएसआइ जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई आरंभ कर दी।

## कचमची में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भीठा पंचायत के कचमची गांव में 17 वर्षीय युवक ने घर के आंगन में लगे अमरुद के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है। बताया जाता है की कचमची गांव निवासी पवन ठाकुर के 17 वर्षीय पुत्र जयकुमार ठाकुर बीती रात खाना खाकर अपने रूम सोने चला गया। देर रात 10 .30 बजे जयकुमार के पिता पवन शौच के लिए बाहर निकले तो जयकुमार के रूम का दरवाजा खुला देख रूम मे पहुचे तो रूम मे जयकुमार नहीं दिखा। तो पवन ने परिजनों के साथ जयकुमार को ढूंढने घर के बाहर निकले तो देखा की जयकुमार आंगन में लगे अमरुद के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब तक पत्नी ने देखा और चिल्लाकर लोगों को बुलाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता किया जा रहा है।

## दो जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के गडरपो पंचायत में बुधवार की देर रात दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इससे गांव के ग्रामीणों को रात जग्गा करना पड़ा। स्थनीय ग्रामीणों ने बताया कि भरनो थाना क्षेत्र के आमलिया जंगल से बीती रात दो जंगली हाथी गडरपो पंचायत के महुआ डिपा निवासी मादा गुड़ी टाना भगत के घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर मे रखा 50 बोरा धान को चट कर गया। हालांकि घर में सो रहे स्वजन जंगली हाथी के आहट सुनते ही घर से भाग जान बचाने में सफल रहे। इस दौरान हाथियों की झुंड ने गांव के ही लोदरो टाना भगत द्वारा नवनिर्मित मिट्टी घर को ध्वस्त कर दिया गया। इससे दोनो पीड़ित परिवार को 50-50 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। दो जंगली हाथियों की झुंड गांव में उत्पात मचाने के बाद सिसई प्रखंड के अरको गांव की तरफ रुख किया है।

## शहीद के गांव में जरूरी सुविधाओं का अभाव

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुछ दिन पूर्व शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव में एक बार फिर से विकास मेला आयोजित कर आश्वासनों का पिटारा खोला गया। वहीं विकास मेला के आयोजन को लेकर गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव की बुनियादी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रशासनिक अमलो द्वारा पूर्व में किये गये विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए गांव के लोगों ने बताया कि गांव में शहीद पांडेय गणपत राय के नाम से विकास मेला का आयोजन से गांव में विकास होने की संभावना जगी थी पर वह सपना भी अब आश्वासनों में ही सिमट कर रह गया। गांव में पेयजल, सड़क, नाली, सिचाई सुविधाओं का घोर अभाव है।

# योजनाओं को ससमय पूर्ण करें लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सांसद

**दिशा की बैठक में सांसद ने दिये कड़े निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलदस्ता देकर माननीय सांसद का स्वागत किया गया और फिर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। बैठक में सभी विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। माननीय सांसद ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके में पूर्ण करें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आमजनों बालू समय पर मिले और जो आसानी से मिल सके, ऐसी व्यवस्था रहे। सांसद द्वारा सर्वप्रथम कुडू-घाघरा पथ में किये जा रहे कार्य व कार्य में असंतोषजनक प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। बरवाटोली चौक के पास चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, कंडरा पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। तय समय के अंदर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत पेशरार प्रखण्ड में नाशपाती बागवानी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक पौधों का जीवित रखने का प्रयास करें ताकि उसका फायदा लाभुकों को मिल सके। जेएसएलपीएस डीपीएम को निर्देश दिया गया कि जिला में रागी पैदावार के अनुकूल परिस्थितियां हैं जिसका पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर उत्पादन किया जाना चाहिए। गुमला जिला में इस प्रकार की शुरूआत किया गया है। आज जेएसएलपीएस की सखी मंडल को रागी के उत्पाद के लिए प्रोत्साहित करें जो स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर उत्पाद है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सामाजिक सुरक्षा निदेशक को निदेश दिया गया कि लाभुकों के त्रुटिपूर्ण आवेदन को सुधार करने व लंबित आवेदन पर कार्रवाई की जाए। वृद्धावस्था पेंशन योजना के जिन लाभुकों की मृत्यु हो चुकी हो ऐसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके खाते का पैसा सरकार को वापस लौटाये जाने की प्रक्रिया की जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में माननीय सांसद द्वारा जिला के दो पंचायतों में लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाने की जानकारी दी और कहा कि जल्द ही छूटे हुए लाभुकों को सर्वे में जोड़ा जाये।

## महिला ने पति सहित ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेदाल गांव निवासी प्रियंका कुमारी ने ससुरालवालों पर मारपीट कर कई बार गर्भ नष्ट करने व दहेज के लिए उत्पीड़न किये जाने का मामला बुधवार को भंडरा थाना में दर्ज कराया है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी सुचित कुमार प्रसाद पिता शिवचरण प्रसाद ग्राम-तिर्रा, थाना- पालकोट, जिला-गुमला से 16 जून 2022 को समपन्न हुई थी। शादी में वर के साथ बराती लगभग 400 आये थे, जिनकी खातिरदारी में किसी प्रकार की कोई कमी मेरे पिताजी के द्वारा नहीं किया गया। मेरी शादी में मेरे पिताजी के द्वारा दान दहेज तथा नगदी सहित लगभग 20 लाख रुपये खर्च हुआ था, जो कि मेरे पिताजी के द्वारा अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से लेकर एवं जमीन बंधिक कर पूरा किया गया। लिये गये कर्ज को मेरे पिताजी द्वारा आज भी चुकाया जा रहा है तथा आगे भी चुकाना पड़ेगा। शादी के तीन माहीने तक अपने ससुराल में अच्छे से रही। शादी के बाद अच्छे दिन गुजरने के कारण में गर्भवती हुई। गर्भवती होने के उपरांत मेरे ससुराल वाले कार खरीदने हेतु पैसा की मांग करने लगे मांग पूरा नहीं करने के कारण गर्भधारण के दौरान ही मेरी सास विमला देवी, पति शिवचरण प्रसाद बड़े बेटे संजु प्रसाद पत्नी माला देवी एवं मेरे पति सुचित कुमार प्रसाद इन सभी के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मार-पीट किया गया जिस कारण मेरा गर्भपात हो गया। जिस कारण मेरी तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गयी थी। उस दौरान मेरे पिताजी मुझे लेकर आये तथा इलाज कराये तब मेरी तबियत ठीक हुई। तबियत ठीक होने के उपरांत मेरे ससुराल वाले के द्वारा पंचायत के समक्ष यह कुबुल किया गया कि अब ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। ससुराल जाने के दो माह बाद पुनः पूर्व के भांति उनके द्वारा यही ब्यवहार किया जाने लगा। मारपीट करते स्थिति खराब होने के कारण मैं अपने मायके में खबर के तत्पश्चात मेरे मायके वाले के द्वारा ससुराल वालों की उपस्थिति मुझे मायके लाया गया। इधर भंडरा पुलिस युवती की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई मे जुट गयी है।

## बाबा रघुनाथ दास के समाधि स्थल पर भंडारा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में पहाड़ की तराई में ग्रामीणों के सहयोग से बाबा रघुनाथ दास के समाधि पर पुष्प अर्पित कर विधिविधान के साथ समस्त ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना किया गया तथा ग्रामीणों के आपसी सहयोग से भंडारा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम लगतार 15 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व में पूजा अर्चना एवं भंडारे का कार्यक्रम पूर्वजो द्वारा आयोजित किया जा रहा था। परंतु किसी कारण से बीच मे स्थगित हो गया था। जिसको पुनः समाजसेवी त्रिलोकी सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं जिला के वरिष्ठ पत्रकार दीपक मुखर्जी तथा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आरंभ किया गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि मकर सक्रांति मेला के दूसरे दिन 16 जनवरी को प्रत्येक वर्ष बाबा रघुनाथ दास की समाधि स्थल पर पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया जाता है। गौरतलब हो कि चंदवा गढ़गांव स्थित पहाड़ में 12 सौ फीट ऊंची ऊपर गुफा में स्थित शिवलिंग का दर्शन कर पूजा करने श्रद्धालु भक्तजन पहुंचते हैं। वही इस स्थल को विकसित करने की दिशा में झारखण्ड सरकार का पर्यटन विभाग के द्वारा पहल किया गया था जो आज तक पूर्ण नही हुआ है।

## भाकपा माले ने कॉमरेड महेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड भाकपा माले द्वारा गुरुवार को जननेता सह बगोदर के पूर्व विधायक कॉमरेड महेन्द्र सिंह का 21वां शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रखंड के पुराना ब्लॉक परिसर से माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम के अगुवाई वाले माले समर्थको ने जुलूस निकाला। जिसमें महेंद्र सिंह के नारा को बुलंद करते हुए बरवाडीह संपूर्ण बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः ब्लॉक प्रांगण पर पहुंच कर संकल्प सभा किया गया। संकल्प सभा का संचालन व अध्यक्षता कॉमरेड राजेंद्र सिंह खरवार ने किया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर कामरेड महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत महेन्द्र सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण सह पुष्पाजलि अर्पित किया गया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा की आज पुरे झारखण्ड मे कॉमरेड महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस संकल्प दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है। महेन्द्र सिंह का सपना था की झारखंड मे गरीबों का राज्य हो, रोजगार बढ़े, पलायन कम हो और झारखण्ड बिरोधी भाजपा का अंत हो, चारो तरफ लाल लहर हो इसी, अरमान को पूरा करने का हमें संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन पर गरीबो का कब्जा हो।

## कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : उपायुक्त



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम-जनमन, सड़क निर्माण, छात्रवृति, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जायें। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। लंबित सभी आवेदनों का जांच कर सभी मामलों निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कहीं गयी। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा योजना का क्रियान्वयन हेतु प्रखंड में भूमि उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही पीएम किसान योजना के लंबित मामले पर ससमय डिस्पोज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी को ससमय लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**कोल्हान की खबरें**

# चोरी के मामले में 12 आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों के पास से 15 मोटर के कटे पार्ट्स, 150 केजी लोहे का बीम, जंग लगा एक मोटर बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया व आसपास क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन कर कारवाई करते हुए एक दर्जन से ज्यादा आरोपी को चोरी किये गये समान के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नंदकिशोर भारती उर्फ नंदू, शुकररु मुखी, शेरु मुखी उर्फ आर्यन, सुमित मुखी, आकाश सिंह, विकास यादव, संजय राम, अनंतो प्रधान, मनोज मोदी, सूरज बोदरा, तिरुपु बरला उर्फ गोमिया और बिट्टू वाला शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 15 मोटर से कटे हुए पार्ट्स, 150 केजी लोहे का बीम, जंग लगा एक मोटर सहित अन्य सामान बरामद कर लिया।

गुरुवार को आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया बीते रात कमसा स्टील प्राइवेट लिमिटेड में अज्ञात चोरों ने लगभग 8 लाख का 15 पीस मोटर चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया था। मामला संज्ञान में आते ही एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि लगातार कुछ ना कुछ चोरी होने की सूचना मिल रही थी। कार्रवाई करते हुए सभी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पूछताछ के बाद सभी आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में एसडीपीओ समीर सवैया, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रविकांत पाराशर, अनीता सोरेन, संतोष कुमार सेन,सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार,आनंद एक्वा, आरक्षी नीतीश कुमार पांडे और राघवेंद्र सिंह शामिल रहे।

## आंगनबाड़ियों में बुनियादी सुविधाओं, विकास और संचालन में नहीं होगी कोई कमी : पूर्णिमा



**विधायक पूर्णिमा साहू ने पूर्वी विधानसभा के कई आंगनबाड़ियों का किया दौरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ियों का दौरा कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सिदगोड़ा, विद्यापतिनगर और बिरसानगर क्षेत्रों के आंगनबाड़ियों में जाकर वहां की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को परखा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नेहा खालको भी उनके साथ मौजूद रहीं। विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण आहार की गुणवत्ता, शिक्षा सामग्री और स्वच्छता व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के आंगनबाड़ियों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे

## झामुमो सुप्रीमो और सीएम से मिलीं विधायक, मकर पर्व का गुड़ पीठा भेंट कर लिया आशीर्वाद





आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो गुरुवार को राज्य सभा सांसद सह झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,कल्पना सोरेन से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान गुड़पीठा भेंट कर मकर (टुसु )पर्व का बधाई देकर आशीर्वाद लिए। इस दौरान सविता महतो नें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व गुरुजी से काफी देर तक बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी विचार विमर्श की।वही मुख्यमंत्री नें विधायक सविता महतो को मकर पर्व का शुभकामना दिए। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो,समीर महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद कर बेहतर नागरिक होने का कर्तव्य निभायें : गिरजा शंकर

**बगैर हेमलेट के वाहन चालक को हेलमेट पहना कर यातायात नियमों का पालन करने का दिए निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क सुरक्षा माह को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने जागरूकता अभियान चलाया। गुरुवार को खरसावां थाना क्षेत्र मे जागरूकता अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो के साथ मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन कुंदन वर्मा, रोड एनालिस्ट इंजीनियर आशुतोष कुमार सिंह शामिल रहे। अभियान के दौरान सड़क में बगैर हेलमेट के वाहन चलाने वाले को रोककर उन्हें यातायात नियमों के गाइडलाइन को पालन करने की अपील की गयी। साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर उन्हें गुलाब का फूल और फूलों का माला पहनाया गया। इसके बाद उन्हें हेलमेट पहनाया गया।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर घर से बाहर निकलते तो उनके वापस आने की चिंता परिवार के सदस्यों को बनी रहती है। ऐसे में अपने को सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को दो हजार रुपये नगद व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित की जाती है। उन्होंने आम लोगों से अपील की वे वाहन चलाने के दौरान खुद का और अन्य लोगों के भी सेहत का ध्यान रखे। अगर कहीं कोई भी व्यक्ति घायल अवस्था में दिखे तो उनकी मदद करें और बेहतर नागरिक होने का कर्तव्य निभायें।

# वार्षिक मिलन समारोह सह सामूहिक विवाह 19 को

**रामकुमार सिंह ने लोगों से सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कुशवाहा संघ जमशेदपुर समाज के विकास के लिए लगातार प्रयास करने में जुटी है। कुशवाहा संघ के अध्यक्ष शिवकुमार भगत व सचिव रामकुमार सिंह सहित कमेटी के सभी सदस्यों ने समाज के लोगों के लिए शिक्षा स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व समाज में लोगो का विकास की गति को तेज करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। गुरुवार को जानकारी अध्यक्ष शिवकुमार भगत व सचिव रामकुमार सिंह ने कहा कि आगामी 19 जनवरी को कुशवाहा संघ के द्वारा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान में वनभोज सह वार्षिक समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वार्षिक मिलन समारोह में संघ के द्वारा पहली बार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावे मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही समाज हित के दिशा मे बेहतर कार्य करने वाले बुर्जूगों को भी सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा, कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के पांकी विधायक शशि भूषण मेहता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार सामूहिक विवाह का आयोजन कर एक बेहतर शुरूवात की जा रही है। उन्होंने लोगों को रजिस्ट्रेशन कार्यालय में आकर करने की अपील की। साथ ही समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार, ट्रायोगी सिंह, रामकुमार, रामनंद भक्ता, मथुल आनंद, अनूप सिंह, राहुल कुमार, रमेश प्रसाद सिंह, राम बालक, दीनानाथ प्रसाद, क्रांति सहित अन्य शामिल रहे।

## सालगुटु में गंदे पानी की सप्लाई से ग्रामीण परेशान

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव सालगुटु में पेय जल स्वच्छता मंडल गुमला के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 8 हजार लीटर की पानी का जल मीनार बनाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव सालेगुटू में गंदा पानी सप्लाई होने से ग्रामीण परेशान हैं। इसी जल मीनार से ग्रामीणों के घर तक पाइप के द्वारा ग्रामीण के घर में नल लगाकर पानी का आपूर्ति करना था, लेकिन कई घरों में अभी तक नल भी नहीं लगे हैं जिसके चलते पीने का पानी की समस्या हो रही है। इधर जिन घरों में पाइप के द्वारा पीने का पानी आपूर्ति होता है उनके घर गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है चूंकि सप्लाइ किये जाने वाला पाइप कई जगह फट गया है जिससे पानी में गंदा चला जाता है जो पीने लायक नहीं है। ग्रामीण ने विभाग से मांग कर रहे हैं कि फटा पाइप को दुरुस्त करें साथ ही जिन घरों में नल नही लगा उनके घरों नल लगा दें।

# ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

ईंट भट्ठा के पास ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की मिली थी सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ब्राउन शुगर के कारोबारी दो युवक को गुमला थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में गुमला प्रखंड के खोरा ग्राम निवासी संतोष सिंह और सूरज सिंह के नाम शामिल है।

एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि खोरा गांव के समीप वीरान एक ईंट भट्ठा के पास ब्राउन शुगर के खरीद बिक्री की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर गुमला थाना में गठित छापामारी दल ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआई हिमांशु शेखर सिंह और एएसआई सुनील कुमार की टीम ने ईंट भट्ठा की घेराबंदी की और बंद पड़े ईंट भट्ठा के सुरंग से दो युवक को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की गयी। दोनों की तलाशी ली गयी। जिसमें संतोष सिंह के पास से पांच ग्राम और सूरज सिंह के पास से नौ ग्राम ब्राउन शुगर, एक लाइटर, इलेक्ट्रानिक वेट मशीन बरामद किया। प्रेस कांफ्रेंस के बाद दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया।

## गुड सेमेरिटन में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगा दो से पांच हजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार दिन के अपराह्न 3 बजे थाना चौक गुमला में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि गोल्डन आवर में दुर्घटना पीड़ित को बचाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। घायल को यदि आप अस्पताल तक पहुंचाते हैं तो पुलिस कभी भी आपको किसी भी मदद के लिए परेशान नहीं करेगी। ऐसा गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक मिलता है। इसके तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर 2000 से 5000 तक आपको दिया जायेगा। मदद करने वाले का नाम अस्पताल के रजिस्टर में अंकित करवाना है। थोड़ा सा प्रयास से किसी की जान बचा सकती है सड़क सुरक्षा टीम के प्रभास कुमार ने कहा हेलमेट हमेशा पहन कर चलें और दूसरों को भी प्रेरित करें। सिर ऐसा अंग है जिसका इलाज जटिल है। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय गोप, मोटर यान निरीक्षक, सड़क सुरक्षा के प्रभास कुमार, रामानंद महाराज, प्रणय काशी, मंटू रवानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच 23 साइकिल का वितरण



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में शिक्षा विभाग के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंदवाकोना के शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के छात्र छात्राओं के बीच कुल 23 साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के बीपीओ अभिजीत, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी हरकृष्ण साहु, शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## सात दिवसीय चिकित्सकीय कैंप में छात्रों की जांच



**बसिया (आजाद सिपाही)।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित इएमआरएस परियोजना के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना से आये चिकित्सकों के दल द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में 9 जनवरी से 15 जनवरी तक सात दिवसीय कैंप लगाकर छात्रों का चिकित्सकीय जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक दवाइयां दी गयी। इस चिकित्सा शिविर में 203 छात्रों और 14 शिक्षकों व कर्मचारियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा दवाइयां दी गयी। चिकित्सकों के दल में डॉ. अभिनव प्रसाद, डॉ. निर्भय कुमार, मोहन कुमार तथा रमेश कुमार शामिल थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में दस यूनिट रक्त का संग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें स्थापना दिवस के तत्वाधान में मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा ने रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल कहना है कि जिस तरह कुआं में जमा पानी गंदा हो जाता है ठीक उसी तरह मनुष्य के शरीर में जमा खून गंदा हो जाता है खून को साफ करने के लिए रक्तदान करना अति आवश्यक है रक्तदान से सभी स्वस्थ रहते है और दूसरे जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को रक्तदान करनी चाहिए। खून की कमी के होने के कारण कई लोगों की मौत हो जाती है क्योंकि उन्हें समय पर खून उपलब्ध नहीं हो पता है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह, अंजू किंडो, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष समित साबू, सचिव संजीव मालानी, पंकज साबू, अमित मंत्री उर्फ गोलू प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, रचना अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 18 को जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन गुमला के सानिध्य में जवाहर नवोदय विद्यालय गुमला के सौजन्य से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 का आयोजन 18 जनवरी को गुमला जिला के 8 केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय कोनबीर बसिया, लूथरन उच्च विद्यालय गुमला, संत इग्नासियस उच्च विद्यालय गुमला, एसएस बालिका उच्च विद्यालय गुमला, राजकीय उच्च विद्यालय करंजटोली गुमला, संत अन्ना बालिका विद्यालय चैनपुर, संत पात्रिक उच्च विद्यालय गुमला व उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय गुमला को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा 18 जनवरी को 11:30 बजे से 1:30 तक आयोजित की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी परीक्षार्थियों से आग्रह करते हुए कहा है कि परीक्षा केंद्र पर एक घंटा पूर्व उपस्थित होकर ससमय परीक्षा कक्ष में निर्धारित स्थान पर बैठने की बात कही।

# बीमरला माइंस का परिचालन बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के द्वारा गुरुवार से बीमरला माइंस का परिचालन बंद किया गया। गुरुवार की अहले सुबह से ही संगठन के लोग आदर स्थित मलगो के पास बैठकर सभी ट्रैकों को रोक दिया। यहां बता दें कि संगठन के द्वारा पूर्व में हिंडाल्को को 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था और यह कहा भी गया था कि यदि इस मांगों पर हिंडालको पहल नहीं करता है तो बिमरला माइंस को 16 जनवरी से बंद कर दिया जायेगा। जिसके बाद सभी ने बंद किया। सूचना मिलने पर सीओ आशीष कुमार मंडल व थानेदार तरुण कुमार जाम स्थल पहुंचकर लोगों से वार्ता किये। जिस पर शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि हिंडालको कंपनी से क्षेत्र में विकास करने को लेकर कई बिंदुओं पर एग्रीमेंट हुआ है। जिस पर कोई भी काम हिंडाल्को के द्वारा नहीं किया गया। सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र की जनता को बेवकूफ बनाकर क्षेत्र से खनिज को निकाल कर ले जा रहा है अब हिंडाल्को की मनमानी नहीं चलेगी।

वहीं मौजूद क्रांतिकारी नेता सह कमिटी के संरक्षक इस्लाम अंसारी ने कहा कि जब तक मूलभूत सुविधाओं का बहाल इलाके में नहीं होगा, तब तक बीमरला माइंस बंद रहेगा। जिसके बाद ट्रक ऑनर एसोसिएशन के लोग भी घाघरा थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी सीओ के साथ वार्ता हुई। जिसके बाद पुनः थानेदार व सीओ जाम स्थल पहुंचे और जाम कताओं को आश्वासन दिया कि 26 जनवरी से पहले कंपनी से वार्ता होगा जिसके बाद जो भी समस्या है सभी का निदान किया जायेगा। ट्रक ऑनर एसोसिएशन के लोगों ने भी कहा यदि हिंडालको वार्ता नहीं करती है तो हम सभी स्वता परिचालन बंद कर देंगे। इधर आंदोलन के नेता शिवकुमार भगत ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के आग्रह पर हम लोगों ने अभी 26 जनवरी तक के लिए आंदोलन को रोक दिया है, लेकिन अगर कंपनी वार्ता नहीं करती है या फिर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो फिर आने वाले दिनों में भी स्थानीय प्रशासन की बात को नहीं मानेंगे और हजारों की संख्या में सड़क पर उतरेंगे और 29 जनवरी से अनिश्चितकाल के लिए खनन व परिवहन बंद करने का आंदोलन चलायेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद सोनी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धोबी मुहल्ला स्थित उनके आवास के समक्ष उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि रामप्रसाद हम सभी के आदर्श है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामप्रसाद का राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी लोगों को प्रेरित करता है। मौके पर विजय सोनी, अजय सोनी, राजेश सिंह, रॉकी आदि थे।

## शहीद स्मारक स्थल से शिलापट्ट की चोरी, स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल चैरिटबेल ट्रस्ट ने की जांच की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद आनंद स्वरूप साहू मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से थाना प्रभारी गुमला को आवेदन दिया गया। आवेदन में ट्रस्ट के महासचिव द्वारा कहा गया 15 जनवरी 2025 को ट्रस्ट के प्रतिनिधियों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शहीद आनन्द स्वरूप साहु की स्मृति भवन के चबुतरा जिसमें प्रतिमा स्थापित है का निरिक्षण व अवलोकन किया। इस क्रम में पाया गया की प्रतिमा स्थापना के समय लगाये गये शीलापट्ट का दक्षिणी भाग जिसमें स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, गुमला के पदाधिकारियों के नाम अंकित थे गायब है। इससे प्रतीत होता है कि किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा यह कृत्य की गयी है। इसकी जांच कर शीलापटट बरामद करने व भविष्य में वैसी घटना न घंटे इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग थाना प्रभारी गुमला से की गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी गुमला से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में ट्रस्ट के महासचिव पुरुषोत्तम साहू कोषाध्यक्ष डॉ कैलू साहू, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, सुनील कुमार दास, शीला सिंह, विष्णु राम इत्यादि उपस्थित थे।

### 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण का समापन

## 20 कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामजरी में गुरुवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 कारीगरों को प्रशिक्षित किया गया, जिनके बीच उन्नत टूल किट का वितरण किया गया।

समारोह में उपस्थित जिला समन्वयक ने कहा कि डोकरा कला न केवल हमारी परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी माध्यम है। प्रशिक्षण प्राप्त कारीगर अब अपनी कला को नयी ऊंचाई तक ले जाने और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए डोकरा निर्मित उत्पादों के विपणन और उनके बाजार को विस्तार देने का भी आश्वासन दिया।

प्रखंड उद्यमी समन्वयक गंदुर उरांव ने कहा कि उन्नत टूल किट के माध्यम से कारीगर अब डोकरा कला से बनी मूर्तियां, खिलौने एवं अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को और अधिक बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने कहा, इस पहल से कारीगरों की आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

कार्यक्रम में प्रखंड उद्यमी समन्वयक, पालकोट और मुखिया पोकता एवं लुंगतू भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में दक्ष बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किये जायें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का साप्ताहिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ संवाद किया एवं परीक्षा के तैयारी के दौरान होने वाली कठिनाइयों के संबंध में बच्चों से जानकारी ली एवं उन्हें उचित सलाह भी दी। शिक्षकों को पिछले 5 वर्षों में परीक्षा में आये प्रश्नों का प्रैक्टिस बच्चों को करवाने की बात कही। उन्होंने बच्चों का डाउट क्लास भी लिया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का संदेश दिया। उन्होंने कक्षा 10वी, 11वीं, 12वीं के बच्चों का उनकी तैयारी का आकलन भी किया गया।

उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है। जिला प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है।

# कामरेड महेंद्र सिंह की शहादत को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 16 जनवरी 2025 भाकपा माले गुमला जननायक कामरेड महेंद्र सिंह का 21वां शहादत दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। सर्व प्रथम भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह माल्यार्पण किया व माले नेताओं के द्वारा कामरेड महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और तस्वीर के समक्ष 1 मिनट का मौंन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात बारी-बारी से चित्र पर माल्यार्पण किया गया जनता की ज्वलंत समस्याओं का समाधान के लिए अमर रहे, कामरेड महेंद्र सिंह जिंदा है, खेतों में, खलियानों में, जनता के अरमानों में, महेंद्र सिंह क्रांतिकारी विरासत को बुलंद करो झारखंड में पेसा कानून को शक्ति से लागू करो। 44 श्रम कानूनों को वापस करो। 4 श्रम कोड रद करो आदि नारे के साथ संकल्प लिया गया। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह ने कहा क्रांतिकारी वीर सपूतों का झारखंड नवनिर्माण का सपना अधूरा है। भीमराव अंबेडकर, बिरसा मुंडा, कामरेड महेंद्र सिंह, के रास्ते से ही झारखंड का नवनिर्माण का सपना पूरा हो सकता है जन संघर्ष को आगे बढ़ना होगा। भाकपा माले प्रखंड सचिव सह मजदूर नेता कामरेड महेंद्र जैक्शन उरांव ने कहा कि शहीद क्रांतिकारी वीर सपूतों का झारखंड नवनिर्माण का सपना अधूरा है। शहीद क्रांतिकारियों के रास्ते पर चलकर गुमला जिला सहित झारखंड को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए जन संघर्ष को आगे बढ़ायेंगे साथ ही गुमला जिला के सभी प्रखंडों व पंचायत वार जनता की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जनता की गोलबंदी किया जायंगा और गांव- गांव में जनता को जागरुक कर खाद्य सुरक्षा कानून में खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रही है। सरकारी काम और मनरेगा में कम मजदूरी दी जा रही है सरकारी ठेकेदारों के द्वारा बिना सेफ्टी का कार्य - जैसे क्रेशर ईट भट्ठा उद्योग बिजली लाइन सहित भवन निर्माण एवं अन्य कार्य में काम कराये जा रहे हैं।

## खपराटोली में किशारी ने खाया कीटनाशक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धोबनी खपराटोली गांव में एक किशोरी ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर होने लगी। वही परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया जहां चिकित्सक द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के हाथ में यूरिया जैसा सफेद दाना देखा। जिसका सेवन किशोरी द्वारा कर लिया गया था इसके बाद आनंद खनन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। यूरिया खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किस कारण की गयी यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

# झारखंड राज्य ओलंपियाड में द्वितीय-तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों को शिक्षकों ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** झारखंड राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 में शामिल और जिला में द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले राजकीय मध्य विद्यालय सारंगो के छात्रों को विद्यालय में शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस क्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदय प्रताप जायसवाल ने बताया कि झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 के प्रथम चरण की परीक्षा में विद्यालय के छात्र सरजून उरांव, अमन बैठा, छात्रा सोनिया कुमारी, रुपाली कुमारी को सामान्य ज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषय में जिले में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वही यह भी बताया कि राज्य स्तर पर पंजीकृत लगभग 84 हजार छात्रों में से 1352 छात्र द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु योग्यता प्राप्त किये हैं। जिसमें चारों छात्र-छात्रा शामिल है। वही सम्मानित करने और बधाई देने वाले शिक्षकों में शंभू नाथ पांडे, बंधन लकड़ा, राजेंद्र भगत, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, अरुण महतो, रघुनाथ भगत, कमला कुमारी, सुजीत कुमार साहू, रतिंदर भगत के नाम शामिल हैं।

# राजनीति से संन्यास लेने की बात भ्रामक : रामचंद्र चंद्रवंशी

## पार्टी तय करेगी मेरा राजनीतिक भविष्य

आजाद सिपाही संवाददाता


रामचंद्र चंद्रवंशी की फाइल फोटो।

**विश्रामपुर/पलामू।** राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने सक्रिय राजनीत से संन्यास लेने की खबरों को भ्रामक बताया है। गुरुवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी कॉलेज सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी बातों को गलत तरीके से समझा गया और उसे तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। मैं एक अनुशासित पार्टी कार्यकर्ता हूं। पार्टी का आदेश ही मेरे लिए सर्वोपरि है। मेरा राजनीतिक भविष्य पार्टी नेतृत्व तय करेगा। पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करूंगा। अगर पार्टी ने चुनाव लड़ने का आदेश दिया तो चुनाव भी लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलने के कारण मेरे सैकड़ों कार्यकर्ता आहत हैं। सभी मुझसे मिले और अपनी भावनाएं व्यक्त की। मैं कार्यकर्ताओं व समर्थकों को आश्वस्त करता हूं कि हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। आप ही के बल पर चार बार विधायक बना और दो बार मंत्री बना हूं। कार्यकर्ता ही मेरी राजनीतिक शक्ति हैं। उनके बिना मेरा राजनीतिक जीवन अधूरा है। कभी किसी कारण मैं व्यक्तिगत रूप से नहीं पहुंच पाया तो मेरे पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी हर परिस्थित में आपके साथ खड़े रहेंगे। वे भी मेरी तरह ही आपकी भावनाओं और समर्थन का पूरा सम्मान करेंगे। कहा कि मेरा उद्देश्य पार्टी और कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करना रहा है। मेरा पूरा ध्यान पार्टी के अनुशासन व कार्यकर्ताओं के समर्थन पर रहा है। इसलिए गलतफहमियों को पीछे छोड़ते हुए पार्टी व समाज की सेवा में जुटे रहना है।

# कांग्रेसियों ने विश्रामपुर में चलाया संविधान अभियान, निकाली रैली




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला कांग्रेस की ओर से गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्रामपुर थाना चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जिसके बाद कांग्रेसियों ने एक रैली भी निकाली। कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर पर अमर्यादित टिप्पणी की है, जो निंदनीय है। इसके लिये उन्हें देश से माफी मांगते हुए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं, सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि महापुरुषों का अपमान देश कभी बर्दास्त नहीं करेगा। मौके पर वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, सुरेंद्र तिवारी, शैलेश चौबे बच्चा, आलोक चौबे, डब्बू चौबे, डॉ इलियास अंसारी, सुरेन्द्र दुबे, मोनू वर्मा, बिट्टू शुक्ला, लकी शुक्ला आदि मौजूद थे।

# आरपीएस विद्यालय को मिली सीबीएसइ से मान्यता, अब 12वीं तक की होगी पढ़ाई




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएस विद्यालय को सीबीएसइ नई दिल्ली से 10वीं व 12वीं की मान्यता मिल गयी है। गुरुवार को आरपीएस स्कूल कार्यालय में विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। संजय सिंह ने बताया कि अब सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित आरपीएस पब्लिक स्कूल इस क्षेत्र का एक मात्र विद्यालय है जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की सभी कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कहा कि विद्यालय अपने एकेडमिक फैसिलिटी के आधार पर बहुत कम समय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की मान्यता प्राप्त कर लिया। अब विद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनुज शर्मा एवं उनके नेतृत्व में कार्य करने वाले शिक्षक समूह को जाता है। वहीं, प्रधानाचार्य ने बताया कि हमें सीबीएसई की मान्यता संख्या 3430764 के अंतर्गत प्राप्त हुई है। हमारे विद्यालय का यह भी एक कीर्तिमान है कि हमें एक साथ माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर की मान्यता मिली है। इसके बाद हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र समेत आसपास के क्षेत्रों के अभिभावकों एवं छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# नशे में धुत बाइक सवार ने कार में मारी टक्कर, तीन घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर नशे में धुत बाइक सवार ने एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवक व कार चालक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि कार चालक खुद बाहरी अस्पताल में इलाजरत है। बाइक सवार की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन निवासी अजय यादव और राजू कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना गुरुवार को रक्सेल तेंदुआ गेट के समीप घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो दोनों बाइक सवार शराब के नशे में धुत थे। एक बाइक पर सवार होकर दोनों युवक हरिहरगंज से छतरपुर की ओर जा रहे थे। तभी अनियंत्रित बाइक विपरीत दिशा से आ रही कार से जा टकराई। जिसमें कार के आगे का शीशा क्षतिग्रस्त करते हुए कार चालक को घायल कर दिया। इस संबंध में सीएचसी के डॉक्टर राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि दोनों बाइक सवार को गंभीर चोट लगी है। इसमें अजय यादव की स्तिथि गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया है।

## हुसैनाबाद के विभिन्न विद्यालयों की 651 छात्राओं को मिली साइकल

# साइकिल से विद्यालय आने-जाने में छात्राओं को होगी सहूलियत

## जिन स्कूलों में व्यवस्थाओं का अभाव है उसे पूरा करायेंगें : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता


छात्राओं के बीच साइकल वितरण करते विधायक, एसडीओ व अन्य।

**हुसैनाबाद।** बीआरसी हुसैनाबाद परिसर में शुक्रवार को एक सादे समारोह में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की 651 छात्राओं के बीच साइकल का वितरण किया गया। इसमें हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, प्रभारी एसडीओ गौरांग महतो, बीडीओ सुनील कुमार व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम समेत कई लोग मौजूद थे। विधायक ने कहा कि सरकार ने छात्राओं को साइकल उपलब्ध करा कर सशक्तिकरण के साथ ही उनकी परेशानियों का समाधान भी किया है। साइकल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में काफी सहूलियत होगी और समय की बचत भी होगी। विधायक ने कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं को पठन पाठन सामग्री के साथ ही छात्रवृति व साइकल की व्यवस्था कर रही है। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर अपने गांव, जिला व राज्य का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भी बेंच टेबल, कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई है। जिन स्कूल में व्यवस्था में कमी है, वहां पूरा करायेंगें। वहीं, एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षक होने के साथ ही सभी जरूरी व्यवस्था सरकार ने किया है। अगर शिक्षक लापरवाही करते हैं तो इसकी जानकारी ग्रामीण अभिभावक शिक्षा विभाग या अन्य अधिकारी को जरूर दें, ताकि उसे सुधारा जा सके। उन्होंने छात्राओं को साइकल का सही उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर हुसैनाबाद बीडीओ सुनील कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम, राजद नेता विनय सिंह यादव, बीपीएम रंजना भारती, लेखा पाल जयप्रकाश कुमार और विनय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली एवं स्वास्थ्य बहुत जरूरी: डॉ शशि भूषण मेहता


विकास योजनाओं का शिलान्या करते पांकी विधायक डॉ शशीभूषण मेहता।

**पांकी विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा- विद्यालय भवन बन जाने से बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के रनेभरी में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से स्वीकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन निर्माण एवं ढूब पंचायत के टोला केवाल पर गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण एवं लोहरसी पंचायत के गीडी में सरना चार दिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने शिलापट्ट का अनावरण करके किया। विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। इसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए इस दिन ढूब पंचायत के केवाल में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र एवं लोहरसी के गीडी में शरना चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। इसके तहत ढूब पंचायत ही नहीं अगल बगल के गांव के लोग भी उप स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से लोगों को लाभ मिलेगा। उनका मकसद क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन रात लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे पांकी विधानसभा में सड़क, नाली, उप स्वास्थ्य केंद्र और अन्य तरह के विकास कार्यों का शिलान्यास कार्य किया जाएगा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, ढुब मुखिया प्रतिनिधि जसवंत वर्मा, यशवंत मेहता, संतु सिंह, विजय ठाकुर, धर्मदेव मेहता, सुरेंद्र डॉ रामचरित्र सिंह, कार्तिक सिंह आदि मौजूद थे।

## लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का जारी रहेगा प्रयास : विधायक

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी व नीलाम्बर पीताम्बरपुर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधायक प्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में विधायक प्रतिनिधि कार्यालय खुलने से विकास काम में तेजी आएगी। दूर-दराज से आने वाले फरियादियों का काम त्वरित गति से हो सकेगा। कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने हमें दोबारा चुना है, उस पर खरा उतरने के लिए लोगों की समस्याओं का समाधान जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो की जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। सरकार जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं धरातल पर उतार रही है। आम लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उसका लाभ भी दिलाने का प्रयास करें। विधायक ने कहा कि विस क्षेत्र का चहुमुखी विकास व आम जनता के हर सुख-दुख में हम साथ हैं। समस्याओं को लेकर अगर कोई पदाधिकारी जनता की बात नहीं सुनता है तो विधायक प्रतिनिधि से सीधे संपर्क करें। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि सप्ताह में सातों दिन यहां बैठकर जनता की समस्याओं का निदान करने की पूरी कोशिश करें। मौके पर बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि मींटी वर्मा, कमेश यादव, सुनील कुशवाहा, छोटे लाल सोनी, मंदीप मेहता, सुधीर तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, संतु सिंह, जसवंत वर्मा, यशवंत मेहता, डॉ रामचरित्र सिंह, जय किशोर प्रसाद, राजेंद्र पासवान, कार्तिक सिंह आदि उपस्थित थे।

## हाइवा एवं बाइक की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के कचरा मोड़ के समीप बाइक व हाइवा के बीच टक्कर में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सरिता देवी, उनके भाई श्रीराम बैठा व आठ वर्षीय उत्तम शामिल है।

## प्रखंडों में लगने वाले स्वास्थ्य मेला को लेकर डीसी ने की बैठक

# 20 से 24 तक लगेगा स्वास्थ्य मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने एवं बीमारियों की रोकथाम व स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला' 2025 का आयोजन किया जाना है। इसके तरह 20 से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित होगा। जिसे सफल बनाने व कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने को लेकर डीसी शशि रंजन ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधितों को टीम वर्क की भावना के साथ स्वास्थ्य मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित किया। उन्होंने सभी बीडीओ को स्वास्थ्य मेला की तिथि व स्थान का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने को कहा, ताकि समय रहते आमजनों को मेले से संबंधित जानकारी मिल सके। उन्होंने मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्था रखने की बात कही।



## चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट व अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था रखने का दिया निर्देश

डीसी ने मेले को लेकर कहा कि जिस प्रखंड में मेले का आयोजन होना है, उस प्रखंड के चिकित्सकों की ड्यूटी चार्ट तैयार रखें। उन्होंने विभिन्न प्रकार के जांच के लिये अलग-अलग काउंटर बनाने को कहा। साथ ही नेत्र जांच के काउंटर पर जांच के बाद चश्मा के वितरण की भी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि मेले में आभा कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ ही सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, इएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, छतरपुर एसडीओ, सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक, एमएमसीएच के सुपरिटेंडेंट आदि मौजूद रहे। जबकि विभिन्न बीडीओ समेत अन्य लोग वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।

# खेल से मानसिक विकास के साथ प्रतिभा निखारने में मिलती है मदद: कमलेश यादव



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के बंजारी मोहल्ला में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुवार की रात सपा नेता कमलेश यादव ने की। पहला उद्घाटन मैच छकनबार बनाम बंजारी के बीच खेला गया। जिसमें छकनबार की टीम ने 3 विकेट से जीत दर्ज की। इस अवसर पर सपा नेता ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होने के साथ ही खेल के क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनाएं भी छिपी रहती है। ऐसे आयोजन से छोटे शहर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने में मदद मिलती है। उन्होंने आयोजक मंडली के अध्यक्ष आदिलजिया, उपाध्यक्ष साहिल उर्फ बबलू, सचिव नेहाल, फील्ड इंचार्ज सब्बू आदि की भी सराहना की जिन्होंने इलाके में खेल के विकास और लोकल प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन किया है। इस मौके पर प्लस टू उवि अंबा के प्रधानाचार्य मोहम्मद फैजुल रहमान, मोहम्मद रशीद फैजी, मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद महबूब और मोहम्मद ताहिर आदि मौजूद थे।

# छतरपुर सीओ ने जब्त किये अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने बुधवार की रात करीब 11 बजे अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर छतरपुर थाने को सौंप दिया। यह कार्रवाई खनिजों के अवैध परिचालन से हो रहे राजस्व की क्षति को रोकने के उद्देश्य से की गई है। विदित हो कि चिन्हित आठ बालू घाटों के संचालन के लिए सभी पंचायत मुखियों को पत्र जारी किया गया था, लेकिन बगैया पंचायत के मुखिया को छोड़कर अन्य किसी ने कमिटी का गठन नहीं किया है। कैटेगरी एक के बालू घाट से सिर्फ 100 रुपए प्रति 100 सीएफटी बालू स्थानीय उपयोग के लिए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, पर अब तक इस पर अमल नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि अवैध बालू परिवहन से सरकारी राजस्व की भारी क्षति होती है। यह अनियंत्रित गति से दुर्घटनाओं को भी आमंत्रित करता है। छतरपुर सीओ ने सभी कैटेगरी-1 के मुखियों से आग्रह किया है कि वे बालू घाटों के संचालन के लिए जल्द से जल्द कमेटी का गठन कर अंचल कमेटी के पास संचिका समर्पित करें, ताकि बालू के क्रय-विक्रय को नियंत्रित किया जा सके।

# बाल तस्करी की शिकार बच्ची को डालसा ने बचाया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाल तस्करी की शिकार गुमला की एक बच्ची को डालसा ने गुरुवार को रेसक्यू किया। पीड़ित बच्ची को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन के आदेश पर सीडब्ल्यूसी ने होप होम को सौंप दिया है। वहीं मामले में श्रम अधीक्षक को भी कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने बताया कि धनबाद की एक महिला अधिवक्ता को रणधीर वर्मा चौक के समीप गुमला की एक बच्ची असहाय घूमती मिली। अधिवक्ता ने नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर फोन कर सहायता की गुहार लगाई। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने महिला थाना के माध्यम से बच्ची को रेस्क्यू किया। तुरंत सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी, श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, डीसीपीओ साधना कुमारी डालसा कार्यालय पहुंची, जहां सभी कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की गई। गुमला में रहने वाले बच्ची के चाचा व भाई से तुरंत बात की गई। बच्ची ने पूछताछ में बताया कि उसे पढ़ाने के नाम पर एक पुलिस अधिकारी अपने साथ लेकर आई थी। उसे बाल श्रम कराते हुए काफी प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे बच्ची वहां से भाग गई और भटक रही थी। तभी एक महिला अधिवक्ता की नजर उस पर पड़ गई। इस बाबत सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी ने बताया कि पीड़ित बच्ची को डीसीपीओ के सहयोग से होप होम में रख दिया गया है। जहां बच्ची की काउंसलिंग की जाएगी और उसके पढ़ाई लिखाई से संबंधित सभी कार्रवाई जल्द पूरी कर ली जाएगी, ताकि बच्ची पढ़ लिखकर अपना भविष्य संवार सके। वहीं श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर आयोजित होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एसडीओ आशीष गंगवार की अध्यक्षता में जरूरी बैठक हुई। जिसमें झंडा फहराने की समय सारणी और अन्य गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में तय किया गया कि छतरपुर के विभिन्न प्रशासनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में झंडा फहराने का समय निर्धारित किया जाएगा, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से किया जा सके। एससीओ ने कई जरूरी निर्देश बी दिया। बैठक में बीडीओ आशीष कुमार, सीओ उपेंद्र कुमार, एलआरडीसी विजय कुमार, प्रमुख, बीससूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी निवर्तमान नगर अध्यक्ष मोहन जयसवाल, बीससूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा, डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य, इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने गणतंत्र दिवस को भव्य और गरिमामयी तरीके से मनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिये और अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को सुनिश्चित किया। इस अवसर पर एसडीओ ने सभी से इस राष्ट्रीय पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
(निःशुल्क सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु)

विशेष लोक अदालत
वैवाहिक वाद से संबंधित मामलों एवं
एन. आई. एक्ट (चेक बाउन्स) के मामलों का

दिनांक – 22 फरवरी 2025 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा समय– 11:00 बजे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 22 फरवरी 2025 को वैवाहिक वाद से संबंधित एवं एन आई एक्ट, चंक बाउंस के मामलों का विशेश लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेश लोक अदालत में निम्न दो प्रकार के मामलें का निश्पादन किया जाना है:–

1. धारा 138 एन आई एक्ट (चेक बाउन्स) मामले 2. वैवाहिक वाद से सम्बंधित मामले

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों एवं वैवाहिक वाद से संबंधित मामलों को विभाग से सम्पर्क कर अधिक से अधिक मामलों का निश्पादन करने का प्रयास करें।

नोटः– उक्त विशेष लोक अदालत हेतु दिनांक 17 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक वैवाहिक वाद एवं एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों का त्वम स्वा।कंसंज पूर्वाह्न 11:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में चलेगा।

Civil Court Simdega
DLSA, Simdega

NALSA HELPLINE NO.% 15100

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
श्री सौरभ, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जि0 वि0 से0 प्रा0, सिमडेगा
श्री अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
श्री राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जि0 वि0 से0 प्रा0, सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 344358 Simdega(24-25)#D

# सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड का हो रहा चहुंमुखी विकास : मंत्री योगेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर ग्राम स्थित मां खेलाचंडी मंदिर परिसर में मकरसंक्रांति पर आयोजित पांच दिवसीय भव्य मेले का उद्घाटन कार्यक्रम में आगमन से पहले भोलाडीह चौक के समीप झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी संतोष साव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुक्के देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया पार्वती देवी, पंसस महेश रविदास समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। बतातें चलें कि मंत्री जी के स्वागत के लिए कार्यकर्ता पहले से ही तैयार खड़े थे। ज्यों ही मंत्री जी का काफिला वहां पहुंचा उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया गया। इसके बाद कार्यकर्ता गर्मजोशी से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर उन्हें मंच तक लाया। वहीं, मंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का चहुमुखी विकास हो रहा है। इसके पहले मंत्री जी ने मां खेला चंडी के आगे मत्था टेका और क्षेत्र में सुख-शांति, उन्नति व समृद्धि की मंगलकामना की। इस मौके पर टुनटुन रवानी, भरत रविदास, दीपक रविदास, रामदेव रविदास, परमेश्वर रविदास, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव, मुकेश अंबेडकर, हेमंत, सिकेन्द्र, शिवा, सचिन कुमार, अनिल, मनोहर, प्रेम शंकर, परण दास, किशोर प्रजापति, हीरालाल यादव, दिलीप यादव, विमल, अरुण, सम्भू रविदास, सूरज रविदास, संगम कुमार साव, पंकज प्रजापति और कुंदन प्रसाद आदि मौजूद थे।

## ऐना कोलियरी चानक के समीप पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव, जांच शुरू

**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के ऐना कोलियरी छह नंबर चानक के समीप गुरुवार को एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता एक युवक का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान गणेश वर्मा (24) के रूप में हुई है। वह ऐना कोलियरी के परसाटांड निवासी रामावतार प्रसाद वर्मा का छोटा बेटा था। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंच गये। तुरंत इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी गयी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया. साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल पर एक टूटी कुर्सी मिली है। वहीं, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस बाबत मृतक के पिता राम अवतार प्रसाद वर्मा ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे घर से बाहर जाने की बात कहकर निकला था। पर काफी देर होने के बाद भी जब गणेश वापस घर नहीं लौटा तो उसे फोन किया गया। पर बार-बार फोन करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया। इस बीच सुबह 11.30 बजे लोगों से उसका शव फंदे पर लटके होने की सूचना मिली।

## छात्रों की मांग पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने किया डिग्री कॉलेज का निरीक्षण



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा डिग्री कॉलेज में व्याप्त समस्याओं की दूर करने के लिए छात्र-छात्राओं की मांग पर गुरुवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कॉलेज का दौरा किया। वहां छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज की अव्यवस्था को देख हैरान हो गयीं। इस दौरान छात्राओं ने विधायक से कॉलेज की सड़क को जामाडोबा की मुख्य सड़क से जोड़ने की मांग की। इस दौरान प्राचार्य आरपी सिंह ने विधायक से कहा कि कॉलेज में 1400 छात्र-छात्राएं है, लेकिन उसके पठन पाठन को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने से शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने जरेडा अधिकारियों के प्रति आभार जताया कि उनके प्रयास से कॉलेज में 120 केवी का सोलर लाइट लग जाने से बिजली की समस्या दूर हो हुई है। उन्होंने विधायक को कॉलेज में फंड की कमी होने, सुरक्षा प्रहरी एवं सफाई कर्मी की कमी, शिक्षकों की कमी, राइटिंग बोर्ड नहीं होने आदि से अवगत कराते हुए समाधान की पहल करने की मांग की। इस पर विधायक ने प्राचार्य एवं विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान को वे खुद पहल करते हुए डीसी और कुलपति सहित सरकार से बात करेंगीं। मौके पर अखिलेश सिंह, अभिषेक पांडेय, उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी और अवधेश मास्टर आदि उपस्थित थे।

## रागिनी सिंह ने सक्रिय सदस्यता का दिया आवेदन



**झरिया/धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने गुरुवार को संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत बिहार बिल्डिंग कार्यालय में जाकर जिला सदस्यता प्रभारी मानस प्रसून को अपनी सक्रिय सदस्यता का आवेदन सौंपा। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, बस्ता कोला मंडल मंडल अध्यक्ष सह शक्ति केंद्र के प्रभारी तरुण राय, बप्पी बाउरी, संतोष रवानी आदि मौजूद रहे।

## कोयलांचल नागरिक विकास मंच ने विधायक सरयू राय का किया अभिनंदन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय का गुरुवार को धनबाद के विवाह भवन में आयोजित समारोह में कोयलांचल नागरिक विकास मंच की ओर से अभिनंदन किया गया। मौके पर जदयू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, पार्टी के प्रखंड, नगर व जिला अधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

# धनबाद एसएनएमएमसीएच में बढ़ायी जायेंगी एमबीबीएस एवं पीजी की सीटें: स्वास्थ्य मंत्री

## कहा- बेहतरी के लिए निजी प्रैक्टिस करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी ली जायेगी मदद

## खून नहीं मिलने की महिला की शिकायत पर सबके सामने प्राचार्य को लगायी फटकार

### एमबीबीएस के विद्यार्थियों की भी सुनी समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी गुरुवार को धनबाद पहुंचे, जहां उन्होंने शहीद निर्मण महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचे। यहां उन्होंने अस्पताल की सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग, पीजी ब्लॉक एवं कैथ लैब का निरीक्षण किया। पारा मेडिकल छात्र-छात्राओं, जीएनएम नर्सिंग की छात्र-छात्राओं एवं मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस के छात्रों की समस्याएं सुनी और उसे जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एक महिला ने तीन यूनिट 'ए' पॉजेटिव रक्त नहीं मिलने की शिकायत मंत्री से की तो उन्होंने प्राचार्य को मौके पर ही फटकार लगा दी। इसके बाद मंत्री इरफान अंसारी एवं विभाग के प्रधान सचिव ने डीसी माधवी मिश्रा, अधीक्षक डॉक्टर एसके चौरसिया और प्राचार्य डॉक्टर केके लाल सहित सभी चिकित्सकों एवं प्रध्यापकों से प्राचार्य कक्ष में बैठक की और अस्पताल में बेहतर चिकित्सकी सुविधा मुहैया कराने के लिए नई सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग में सुचारू रूप से विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ चिकित्सक की सुविधा शुरू करने, इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को दूर करने और मेडिकल कालेज में सीट बढ़ाने को लेकर बातचीत की एवं आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री एवं सचिव ने बताया कि धनबाद जिले में संचालित इस मेडिकल कॉलेज में ना सिर्फ धनबाद, बल्कि आसपास के जिलों से भी मरीज काफी संख्या में आते हैं। सीटों की संख्या कम है व बेड की संख्या भी कम है, जिस वजह से मरीजों की अधिक भीड़ रहती है। कई बार मरीज को ईलाज कराने में परेशानी होती है। इन सभी परेशानियों को दूर करने के लिए मंत्री जी ने कई निर्देश भी दिया। लगे हाथ मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार के स्तर पर जो भी सुविधा मुहैया करवानी है, वह कराई जाएगी। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद भी ली जाएगी, जो निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। उनके साथ अनुबंध पर कार्य लिया जाएगा। बाद में स्थाई नियुक्तियां भी होगी। एमबीबीएस एवं पीजी की सीटों में वृद्धि की जाएगी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याओं को खत्म किया जाएगा।


प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–22 / भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 08 / 01 / 2025

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा मरार, थाना नं0 144, राजस्व थाना रामगढ, अंचल रामगढ, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा Land Acquisition plan of Kuju station to Ranchi Road New Line Under Dy. CE/CON/Barkakana in Dhanbad Division of Eastern Central Railway परियोजना हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 4.5834 एकड़ यानि 1.854833 हेक्टेयर है। और जो मौजा मरार, थाना नं0 144, राजस्व थाना रामगढ, अंचल रामगढ, जिला रामगढ़ में है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 36 | 476 | रैयती | टांड II | 0.0094 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगल बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता स्व0 सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिवशंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया वगै0 पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 473 | 477 | 487 | 473 |
| 02 | 36 | 478 | रैयती | टांड II | 0.5931 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. शैलेन्द्र बेदिया पिता धनेश्वर बेदिया 3. दिनेश बेदिया वगै0 पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 473 | 479 | 472 | 477 |
| 03 | 36 | 472 | रैयती | टांड II | 0.5304 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगल बेदिया 3. लाखेन्द्र बेदिया पिता स्व0 सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता स्व0 धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 बिटिया बेदिया 6. शिवशंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया वगै0 पिता स्व0 भोगला बेदिया 8. राज कुमार बेदिया पिता दिनेश बेदिया 9. तुलसी बेदिया पिता स्व0 चुरामन बेदिय भगत 10. गोरीशंकर दिग्गी पिता स्व0 धासी राम दिग्गी 11. सोमनाथ उरॉव पिता डोन्डा उरॉव 12. राजेश बेदिया पिता स्व0 दिनानाथ बेदिया 13. नितमा देवी 14. मसो मोमरी देवी 15. अजित बेदिया। | 467 | 481 | 468 | 478 |
| 04 | 37 | 471 | रैयती | टांड II | 0.2505 | राम जानकी मंदिर के नाम से दान वामर्फत 1. रामशरण साहू पिता स्व0 परमेश्वर साहू 2. भागीरथ प्रसाद पिता स्व0 परमेश्वर साव 3. बसंत प्रसाद पिता स्व0 परमेश्वर साव। (विवादित एवं CNT Act से अछांदित है।) | 469 | 472 | 470 | 472 |
| 05 | 11 | 470 | रैयती | टांड II | 0.1077 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. वासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण सावा पिता स्व0 अन्द्र साव 7. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 460 | 471 | 446 | 468 |
| 06 | 04 | 469 | रैयती | टांड II | 0.29 | 1. रामचन्द्र साहू पिता स्व0 अयोध्या साहू 2. शिव प्रसाद साहू पिता स्व0 अयोध्या साहू 3. जयपाल साहू पिता स्व0 अयोध्या साहू 4. राजकुमार साहू पिता स्व0 अयोध्या साहू 5. उमेश प्रसाद साहू वगै0 पिता किस्टो साहू। (विवादित) | 470 | 471 | 470 | 472 |
| 07 | 36 | 468 | रैयती | टांड II | 0.0669 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 470 | 470 | 470 | 472 |
| 08 | 36 | 467 | रैयती | टांड II | 0.0141 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 466 | 472 | 477 | 473 |
| 09 | 36 | 430 | रैयती | धान खेत | 0.0020 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 388 | 431 | 425 | 435 |
| 10 | 36 | 431 | रैयती | धान खेत | 0.0837 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 428 | 434 | 432 | 435 |
| 11 | 36 | 432 | रैयती | धान खेत | 0.0138 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 430 | 425 | 425 | 433 |
| 12 | 36 | 433 | रैयती | धान खेत | 0.0111 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 425 | 425 | 425 | 434 |
| 13 | 36 | 434 | रैयती | धान खेत II | 0.20 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 431 | 436 | 43 | 435 |
| 14 | 36 | 436 | रैयती | धान II | 0.1961 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 434 | 437 | 425 | 435 |
| 15 | 36 | 437 | रैयती | धान II | 0.2270 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 436 | 438 | 420 | 446 |
| 16 | 36 | 438 | रैयती | धान II | 0.0274 | 1. महेन्द्र बेदिया पिता स्व0 भदवा बेदिया 2. सुरेन बेदिया पिता स्व0 जुगना बेदिया 3. लखिन्द्र बेदिया वगै0 पिता सुखदेव बेदिया 4. शैलेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया 5. राथो बेदिया पिता स्व0 लिटिया बेदिया 6. शिव शंकर बेदिया वगै0 पिता स्व0 अदरा बेदिया 7. दिनेश बेदिया पिता स्व0 भोगल बेदिया। | 437 | 439 | 501 | 441 |
| 17 | 21 | 425 | रैयती | धान I | 0.08 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वो रविन्द्र साहू वो सुशील कुमार साहू वो अवधेश कुमार साहू पिता स्व0 गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वो शिव शंकर प्रसाद पिता स्व0 रामदास साहू। | 400 | 424 | 409 | 430 |
| 18 | 11 | 422 | रैयती | टांड II | 0.1495 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधरी प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. वासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तपेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 423 | 419 | 416 | 425 |
| 19 | 11 | 421 | रैयती | परती आर | 0.03 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधरी प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. वासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तपेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 425 | 420 | 422 | 420 |
| 20 | 11 | 420 | रैयती | धान खेत I | 0.08 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधरी प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. वासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तपेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 425 | 501 | 414 | 437 |
| 21 | 21 | 419 | रैयती | धान खेत I | 0.09 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 422 | 501 | 418 | 420 |
| 22 | 11 | 418 | रैयती | धान खेत I | 0.14 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 416 | 501 | 414 | 422 |
| 23 | 11 | 417 | रैयती | धान खेत I | 0.0133 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 416 | 418 | 416 | 422 |
| 24 | 21 | 415 | रैयती | धान खेत I | 0.0261 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 410 | 414 | 413 | 410 |
| 25 | 21 | 414 | रैयती | धान खेत I | 0.2342 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 413 | 501 | 494 | 418 |
| 26 | 11 | 502 | रैयती | टांड II | 0.3224 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 501 | 503 | 592 | 501 |
| 27 | 41 | 592 | रैयती | टांड II | 0.0603 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 593 | 591 | 581 | 502 |
| 28 | 41 | 593 | रैयती | परती कदीम | 0.0188 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 594 | 592 | 592 | 592 |
| 29 | 11 | 594 | रैयती | धान खेत II | 0.2762 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 610 | 593 | 599 | 501 |
| 30 | 11 | 596 | रैयती | परती कदीम | 0.0074 | 1. सरयू प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 2. सुधीर प्रसाद पिता स्व0 कुंजा साव 3. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 4. तुलेश्वर प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 5. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 6. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 7. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 595 | 597 | 598 | 597 |
| 31 | 11 | 597 | रैयती | धान II | 0.05 | 1. सरयू महतो वगै0 पिता स्व0 कुंजा महतो 2. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव 6. भुपेन्द्र मिश्रा पिता स्व0 मेघनाथ मिश्रा 7. कामदेव मिश्रा पिता स्व0 सुन्दरलाल मिश्रा 8. पारस नाथ मिश्रा पिता स्व0 रामवृक्ष मिश्रा। | 596 | 599 | 598 | 594 |
| 32 | 11 | 598 | रैयती | परती कदीम | 0.0368 | 1. सरयू महतो वगै0 पिता स्व0 कुंजा महतो 2. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव 6. भुपेन्द्र मिश्रा पिता स्व0 मेघनाथ मिश्रा 7. कामदेव मिश्रा पिता स्व0 सुन्दरलाल मिश्रा 8. पारस नाथ मिश्रा पिता स्व0 रामवृक्ष मिश्रा। | 610 | 600 | 609 | 597 |
| 33 | 11 | 600 | रैयती | टांड II | 0.0166 | 1. सरयू महतो वगै0 पिता स्व0 कुंजा महतो 2. बासदेव प्रसाद पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव 6. भुपेन्द्र मिश्रा पिता स्व0 मेघनाथ मिश्रा 7. कामदेव मिश्रा पिता स्व0 सुन्दरलाल मिश्रा 8. पारस नाथ मिश्रा पिता स्व0 रामवृक्ष मिश्रा। | 598 | 589 | 601 | 599 |
| 34 | 21 | 599 | रैयती | धान खेत III | 0.0724 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 597 | 589 | 600 | 594 |
| 35 | 21 | 601 | रैयती | टांड II | 0.0091 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 598 | 589 | 602 | 599 |
| 36 | 21 | 603 | रैयती | टांड II | 0.08 | 1. कौलेश्वर साव पिता स्व0 चिन्तामन महतो 2. राजेश साहू वगै0 पिता गोपी साहू 3. ललन प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामदास साहू। | 607 | 589 | 602 | 599 |
| 37 | 11 | 606 | रैयती | टांड II | 0.0336 | 1. सरयू प्रसाद वगै0 पिता स्व0 कुंजा साव 2. बासदेव प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 614 | 605 | 670 | 587 |
| 38 | 11 | 608 | रैयती | धान खेत III | 0.0299 | 1. सरयू प्रसाद वगै0 पिता स्व0 कुंजा साव 2. बासदेव प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 607 | 601 | 603 | 600 |
| 39 | 11 | 610 | रैयती | टांड II | 0.0040 | 1. सरयू प्रसाद वगै0 पिता स्व0 कुंजा साव 2. बासदेव प्रसाद वगै0 पिता स्व0 रामेश्वर साव 3. भीम प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग साव 4. तेज नारायण साव पिता स्व0 अन्दु साव 5. तापेश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 बालकिशुन साव। | 410 | 594 | 609 | 413 |
| 40 | 17 | 607 | रैयती | टांड II | 0.0556 | 1. कुलदीप प्रसाद वगै0 पिता स्व0 शिव प्रसाद 2. सीता राम प्रसाद वगै0 पिता स्व0 भोला प्रसाद 3. रघुनाथ पिता स्व0 जग मोहन साव | 613 | 608 | 603 | 609 |
| 41 | 17 | 609 | रैयती | टांड II | 0.0440 | 1. आदित्य प्रसाद पिता स्व0 इन्द्र साव 2. मोहन प्रसाद पिता स्व0 इन्द्र साव 3. देवकी प्रसाद पिता बैजा साव 4. मुन्ना साव पिता बैजा साव | 612 | 608 | 607 | 610 |
| | | | | कुल रकबा | 4.5834 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

PR 344401 Land Reforms (24-25)_D

ह0 / – कानूनगो, रामगढ़।

ह0 / – जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़।

ह0 / – अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।

ह0 / – उपायुक्त, रामगढ़।

# टीपीडब्ल्यू ओडीएल ने किया हैंड्स ऑन टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बुर्ला पश्चिमी ओड़िशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए बरगढ़ जिले के अताबीरा में एक अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र (हैंड्स ऑन टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर) शुभारंभ किया गया है। टाटा पावर (टीएंडडी) के सुरक्षा प्रमुख सुरेश खेतवानी, ओड़िशा डिस्कॉम के सुरक्षा प्रमुख देवी प्रसाद आचार्य और टीपीडब्ल्यूओडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कल इस प्रशिक्षण केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। यह कदम पूरे पश्चिमी ओड़िशा में प्रबंधन उत्कृष्टता और सुरक्षा के प्रति टीपीडब्ल्यूओडीएल की प्रतिबद्धता का एक नया अध्याय शुरू करेगा। वास्तविक समय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंपनी के 'मिशन शून्य दुर्घटना' दृष्टिकोण को सुनिश्चित करता है। यह प्रशिक्षण केंद्र कंपनी के कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के साथ अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। यह कक्षा-आधारित शिक्षा से लेकर 'अभ्यास यार्ड' तक सब कुछ प्रदान करेगा, जहां कंपनी के तकनीकी कर्मचारी कम-तनाव (एलटी) और उच्च-तनाव (एचटी) वितरण नेटवर्क की प्रतिकृतियों के साथ प्रशिक्षण ले सकते हैं, इससे कर्मचारियों को दैनिक आधार पर उपयोग किये जाने वाले 'वास्तविक समय' उपकरणों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि कंपनी ने पश्चिम ओड़िशा के प्रत्येक बिजली उप-मंडल में लाइनमैन और सहायकों के प्रशिक्षण के लिए एक 'प्रैक्टिस यार्ड' स्थापित किया है। इस अवसर पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ प्रवीण बर्मा ने कहा यह भी घोषणा की कि राउरकेला, संबलपुर, बलांगीर और कालाहांडी में संबंधित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण पूरा होने वाला है और वे जल्द ही चालू हो जायेंगे।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपने संयंत्र परिसर में 20वां स्थापना दिवस मनाया


आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपने संयंत्र परिसर में अपना 20वां स्थापना दिवस मनाया। अर्नब मैत्रा सीजीएम एनटीपीसी बोंगाईगांव ने प्रशासनिक भवन परिसर में एनटीपीसी का झंडा फहराया, जिसके बाद एनटीपीसी गीत और केक काटा गया। एनटीपीसी रंग के गुब्बारे मैत्रा द्वारा देबब्रत कर जीएम (ओएंडएम), आशुतोष विश्वास जीएम (ऑपरेशन), कस्तूरी मैत्रा अध्यक्ष बर्दवी शिकला लेडीज क्लब, श्रीमती सौम्या कर उपाध्यक्ष बर्दवी शिकला लेडीज क्लब, सीआइएसएफ, विभिन्न विभागों, यूनियनों और संघों के विभागीय प्रमुख और कर्मचारी, विभिन्न कल्याण निकायों के सदस्यकी उपस्थिति में कलर के गुब्बारे छोड़े गये। कर्मचारियों को अपने संबोधन में मैत्रा ने कहा कि 16 जनवरी 2006 को रखी गई एनटीपीसी बोंगाईगांव की आधारशिला ने न केवल पूरे बीटीआर क्षेत्र, पूर्वोत्तर और पूरे देश में विकास के द्वार खोल दिये हैं। अपने संबोधन में श्री मैत्रा ने कहा कि 14 जनवरी 2025 तक हमारे स्टेशन ने उल्लेखनीय परिचालन मील के पत्थर हासिल किये हैं, जिसमें 73.98% के प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) और 93.34% की घोषित क्षमता (डीसी) के साथ एक प्रभावशाली 3848.64 मिलियन यूनिट (एमयू) ऊर्जा का उत्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन ने स्वीकार्य सीमा के भीतर सहायक बिजली खपत (एपीसी) और विशिष्ट तेल खपत जैसे महत्वपूर्ण मानकों को बनाए रखा है, साथ ही 2.5 लीटर प्रति किलोवाट-घंटे (केडब्ल्यूएच) की विशिष्ट जल खपत, जो टिकाऊ संसाधन प्रबंधन पर हमारे ध्यान को दशार्ती है। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि हमारे समाज, पर्यावरण और आस-पास के हितधारकों के प्रति पावर स्टेशन की प्रतिबद्धता का सभी स्तरों पर पालन किया जाना चाहिए और सभी से एनटीपीसी बोंगाईगांव को पेशेवर रूप से संचालित और मूल्य-आधारित संगठन के रूप में पेश करने पर काम करने, सोचने और रणनीति बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर, एनटीपीसी सुरक्षा विभाग ने मैत्रा को सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव द्वारा जीता गया ग्रीनटेक सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के एक भाग के रूप में, एनटीपीसी बोंगाईगांव सीएसआर विंग ने बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के सहयोग से प्लांट में काम करने वाले हाउसकीपिंग स्टाफ और ड्राइवरों को 100 से अधिक मच्छरदानियां वितरित कीं। उक्त कदम क्षेत्र में मलेरिया से निपटने के लिए शुरू किया गया है।

# चार कट्टर माओवादियों ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण, प्रत्येक पर था आठ लाख का इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मलकानगिरी।** छत्तीसगढ़ के मलकानगिरी जिले के नारायणपुर पुलिस थाने में चार कट्टर माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। नारायणपुर एसपी ने बताया कि जानकारी के अनुसार, ये हार्ड कोर माओवादी द्वासी कैडर के थे। इन सभी पर इनाम घोषित था। एसपी ने एक प्रेस वार्ता में कहा, पुलिस की आत्मसमर्पण के बाद की नीतियों से प्रेरित होकर कट्टर माओवादियों ने यह कदम उठाया। वे माओवादियों के कई हिंसक हमलों में शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि, इन माओवादियों को मुख्यधारा में लाने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से हर तरह की मदद की जायेगी। कुछ दिन पहले 13 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें शीर्ष माओवादी नेता सीसीएम उदय के अंगरक्षक मुन्ना और सुखराम भी शामिल हैं। इन पर 5 लाख रुपये का इनाम था। प्रोत्साहन स्वरूप इन्हें 25-25 हजार रुपये दिये गये।

## आइएमडी ने ओड़िशा के जिलों के लिए मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के मौसम विज्ञान केंद्र ने ओडिशा के कई जिलों के लिए मौसम पूवार्नुमान और चेतावनी जारी की। आइएमडी ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के कई जिलों में घने से बहुत घने कोहरे की पीली चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 18 जनवरी की सुबह 8.30 बजे तक सुंदरगढ़, क्योंझरगढ़, कालाहांडी, कंधमाल, नयागढ़ और झारसुगुड़ा जिले में एक या दो स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

## बैकुंठ धाम आश्रम को तोड़ा जायेगा बीडीए ने खाली करने का दिया आदेश




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बैकुंठ धाम आश्रम कल तोड़ा जायेगा। इसी को लेकर बीडीए कल दोपहर 12:00 बजे तक खंडगिरी स्थित बैकुंठ धाम आश्रम को खाली कराने के लिए डाकबाजी यंत्र से प्रचार किया है। जो लोग आश्रम के अंदर रह रहे हैं या उनके पास अपना सामान है, उन्हें बाहर निकालने के लिए कहा गया है। आश्रम खाली कराने के बाद इसे तोड़ दिया जायेगा। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने भुवनेश्वर के खंडगिरी में स्थित बैकुंठ धाम आश्रम पर जारी अंतरिम सुरक्षा आदेश को हटा दिया था। आरोप था कि विवादित आश्रम सरकारी जमीन पर बनाया गया था। नवंबर महीने में खंडगिरी स्थित बैकुंठ धाम आश्रम विवाद सामने आया था। पहले तो नाबालिग को कल्कि अवतारों से सजाकर धर्म के नाम पर व्यापार किया जाता था। और कथित बाबा का दरबार प्रवचन के लिए हुआ करता था। बैकुंठ धाम आश्रम को विदेशी भक्तों के लिए अवाध प्रवेश था जबकि स्थानीय निवासियों के लिए गेट बंद था। विदेशी श्रद्धालुओं के रहने के लिए वहां विशेष व्यवस्था की गयी थी। खोलताड़ की शुरूआत पांडव परिडा की शिकायत के बाद हुई जो जाजपुर, क्योंझर, बडबिल, जोडा, राउरकेला, बोलगड जैसे विभिन्न स्थानों पर प्रवचन दे रहा था। आश्रम की जमीन की खोलताड के बाद यह साफ हो गया कि यह सरकारी जमीन पर बना है। लोक प्रशासन विभाग के मापन के बाद यह पाया गया कि आश्रम 140 डिसमिल सरकारी जमीन पर बना है।

## सैप्टिक टैंक में गिरने से 3 साल के बच्चे की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सेप्टिक टंकी में गिरने से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गयी। ऐसी दुखद घटना देखने को मिली भद्रक जिले के बासुदेबपुर बाली कॉलोनी में, घर के बाहर खेलते समय बच्चा सेप्टिक टंकी में गिर गया। उसे बचाकर मेडिकल ले जाया गया तो वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच जारी रखे हुए है।

## ओड़िशा में पद्म पुरस्कार विजेताओं को 30,000 रुपये की मासिक मानद सहायता मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में पद्म पुरस्कार विजेताओं को अब 30,000 रुपये प्रति माह की मानद सहायता मिलेगी। राज्य सरकार के ओडिया भाषा साहित्य और संस्कृति विभाग ने इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में विभाग ने कहा कि 1954 में शुरू किया गया पद्म पुरस्कार भारत रत्न के बाद देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और यह कला, शिक्षा, विज्ञान, खेल, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक सेवा, चिकित्सा, साहित्य आदि के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है।

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान को ध्यान में रखते हुए, ओड़िशा सरकार ने प्रत्येक जीवित पद्म पुरस्कार विजेता को प्रति माह 30,000 रुपये की मानद सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। अधिसूचना में कहा गया है कि उन्हें जनवरी 2025 से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सहायता मिलेगी। सभी जिला कलेक्टरों और जिला सांस्कृतिक अधिकारियों को संबंधित जिलों में जीवित पद्म पुरस्कार विजेताओं का विवरण (जिला कलेक्टर का प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, आईएफएससी कोड) जल्द से जल्द ओड़िया, भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के निदेशालय को भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि सभी जीवित पद्म पुरस्कार विजेताओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से सहायता राशि मिल सके।

# पूर्व तट रेलवे ने केवल 290 दिनों में 200 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल कर रिकॉर्ड बनाया

> पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए किसी भी क्षेत्र द्वारा अब तक का सबसे अधिक माल लदान।
>
> इस अवधि के दौरान 200.13 मीट्रिक टन कोयला लोड किया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 290 दिनों में 200.13 मिलियन टन की अभूतपूर्व माल लदान उपलब्धि हासिल करके पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के इतिहास में किसी भी क्षेत्र द्वारा अब तक की सबसे अधिक माल ढुलाई का प्रतीक है, जो माल परिवहन और परिचालन उत्कृष्टता में पूर्व तट रेलवे के नेतृत्व को मजबूत करती है। पूर्व तट रेलवे 15 जनवरी 2025 को इस मील के पत्थर पर पहुंच गया, जिसने पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जब 200 मिलियन टन को पार करने में 295 दिन लगे थे। इस वर्ष की उपलब्धि पिछले वर्ष की गति से 15 दिन पहले हासिल की गयी और यह पिछले वर्षों के मजबूत प्रदर्शन के बाद आई है, जहां इसे समान मील के पत्थर हासिल करने में 366 दिन (2019-20), 360 दिन (2020-21), 320 दिन (2021-22) और 310 दिन (2022-23) लगे। इस अवधि के दौरान, पूर्व तट रेलवे ने 183.5 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया है, जो माल ढुलाई प्रबंधन में इसके उल्लेखनीय प्रदर्शन को उजागर करता है। इस अवधि के दौरान, पूर्व तट रेलवे ने कुल 200.13 मिलियन टन का प्रबंधन किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 196.779 मिलियन टन से 1.6% अधिक है। माल ढुलाई प्रबंधन में क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, और यह आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक बना हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, पूर्व तट रेलवे ने राजस्व सृजन में भी वृद्धि देखी है, जिससे 20,288.041 करोड़ की कमाई हुई है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.28% की वृद्धि दशार्ती है। 290 दिनों की अवधि के भीतर 200 मिलियन टन की उपलब्धि पूर्व तट रेलवे की सावधानीपूर्वक योजना, उद्योगों और सरकारी संस्थाओं के साथ उत्कृष्ट समन्वय और इसके कार्यबल के अथक प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल के गतिशील नेतृत्व में, पूर्व तट रेलवे ने दक्षता, सकारात्मक सोच और रणनीतिक दूरदर्शिता की संस्कृति को अपनाया है, जिससे यह भारतीय रेलवे नेटवर्क के भीतर उत्कृष्टता का एक मॉडल बन गया है। इस उल्लेखनीय सफलता को प्राप्त करने में कई प्रमुख पहलें सहायक रही हैं, जिनमें शामिल हैं। नयी रेल लाइनों के निर्माण और कमीशनिंग के साथ-साथ दोहरीकरण और तीसरी और चौथी लाइन परियोजनाओं से पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिल रहा है। विस्तारित रेल बुनियादी ढांचे के माध्यम से उद्योगों को खनिज बेल्ट और बंदरगाहों से जोड़ना, एक महत्वपूर्ण माल ढुलाई केंद्र के रूप में क्षेत्र की स्थिति को मजबूत करना। माल की समय पर और कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों और उद्योगों के साथ निरंतर सहयोग और योजना बनाना। इस रिकॉर्ड उपलब्धि के साथ, पूर्व तट रेलवे माल परिवहन में मानक बढ़ा रहा है, परिचालन उत्कृष्टता के लिए नये मानक स्थापित कर रहा है और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे रहा है। जोन अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और भविष्य के लिए टिकाऊ और कुशल परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पूर्व तट रेलवे द्वारा लादी गयी प्रमुख वस्तुओं में शामिल हैं:**

119.637 मीट्रिक टन कोयला, इस्पात संयंत्रों के लिए 7.67 मीट्रिक टन कच्चा माल, 15.991 मीट्रिक टन पिग आयरन और तैयार स्टील, 24.426 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 0.88 मीट्रिक टन सीमेंट, 2.226 मीट्रिक टन खाद्यान्न, 5.477 मीट्रिक टन उर्वरक, 2.317 मीट्रिक टन खनिज तेल, कंटेनरों में 4.372 मीट्रिक टन माल ढुलाई, 17.159 मीट्रिक टन अन्य सामान।

# शोध पद्धति पर 10 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) में बुधवार को शोध पद्धति के क्षेत्र में उभरते शोधकताओं को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। एसओए के भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत के संरक्षण, प्रसार और पुनरुद्धार केंद्र (पीपीआरएसीएचआइएन) द्वारा आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में देश भर से कुल 42 शोधकतोओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों को उनके शोध कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करके उनकी क्षमताओं को बढ़ाना था। उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता के पूर्व निदेशक प्रोफेसर कमल के मिश्रा ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए शोधार्थियों से नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए लीक से हटकर सोचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नया उपकरण है जो शोधकर्ताओं के लिए वरदान बनकर आया है क्योंकि अब सभी प्रकार के सॉफ्टवेयर उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, लेकिन एआइ का उपयोग करते समय, याद रखें कि यह दोधारी तलवार है। आपको इसे विवेकपूर्ण तरीके से, अपने विवेक का उपयोग करके इस्तेमाल करना होगा। प्रो मिश्रा ने कहा कि जब सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में रुझान बदल गया था। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता एसओए के डीन, अनुसंधान और विकास प्रो जयंत कुमार नाथ ने की, जबकि पीपीआरएसीआइएन की प्रमुख प्रो गायत्रीबाला पांडा ने स्वागत भाषण दिया। पीपीआरएसीआइएन में मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन के पाठ्यक्रम निदेशक और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ निहार रंजन मिश्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**